

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का जिला सिरसा के तेजा खेड़ा फार्म में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री सैनी ने भी ओम प्रकाश चौटाला के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 351 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







# पुरानी कारों की बिक्री पर अब 18 % जीएसटी

## ● इंश्योरेंस प्रीमियम से जीएसटी घटाने का फैसला टला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में उम्मीद के विपरीत हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले टैक्स को घटाने के फैसले को फिलहाल टाल दिया गया। हालांकि इस बैठक में पुरानी कारों की खरीद बिक्री पर लगने वाले टैक्स को 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत करने का फैसला किया गया। इसके साथ ही थिएटर और मूवी हॉल में नमक मसाले वाले फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत सभी पुराने वाहनों की बिक्री पर टैक्स को बढ़ाए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बन गई। अब पुराने वाहनों की बिक्री पर लगने वाले टैक्स को 12 से बढ़ा कर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन टैक्स की दर में हुई ये बढ़ोतरी सिर्फ कंपनियां या डीलर्स द्वारा बेची जाने वाली पुरानी कारों पर ही लागू होगी। व्यक्तिगत रूप से अपनी कार बेचने वाले लोगों पर पहले की तरह 12 प्रतिशत टैक्स ही लगेगा। इसका मतलब ये हुआ कि पुरानी कारों की बिक्री पर लगने वाले टैक्स में बढ़ोतरी होने के प्रावधान से इंडिविजुअल खरीदारों या विक्रेताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके पहले जीएसटी काउंसिल की फिटमेंट कमिटी ने भी पुराने वाहनों पर जीएसटी दर को 12 से बढ़ा कर 18 प्रतिशत करने की सिफारिश की थी।




### फोर्टिफाइड चावल पर पांच प्रतिशत दर से टैक्स लागू

ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स से अपनी रिपोर्ट को और अधिक व्यापक बनाने तथा अतिरिक्त जानकारी के साथ पेश करने के लिए कहा गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में फोर्टिफाइड चावल पर एक समान 5 प्रतिशत की दर से टैक्स लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया गया। इससे पहले फोर्टिफाइड चावल पर उनके उपयोग के हिसाब से अलग-अलग दर से टैक्स की वसूली की जाती थी, जिसके कारण टैक्स कैलकुलेशन में जटिलता का सामना करना पड़ता था। इसी तरह थिएटर और मूवी हॉल में नमक और मसाले वाले फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न पर भी 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने की प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल की बैठक में मंजूर कर लिया गया।

# बीएमसी चुनाव: महा विकास अघाड़ी में आई दरार !

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: महाराष्ट्र** में सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में अकेले उतर सकती है, हालांकि वे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का साथ नहीं छोड़ रहे हैं।

**इस मुद्दे पर चल रही बातचीत**

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बीएमसी चुनाव में अकेले उतरने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इस चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनावों से ज्यादा है। उन्होंने आगे कहा, 'उद्धव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं के बीच इस बारे में बातचीत चल रही है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि हम अकेले चुनाव लड़ें।'

**2022 के बाद अबतक नहीं हुए चुनाव**

शिवसेना ने 1997 से 2022 तक लगातार बीएमसी पर अपना नियंत्रण बनाए रखा था।






## संकट में होती है व्यक्ति और संस्थान की पहचान: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: संकट** में हर व्यक्ति और संस्थान की पहचान होती है। जब अचानक कोई चुनौती आती है तो लोग बड़े-बड़े दावे करके मैदान छोड़ भाग जाते हैं। यह वह समय होता है, जब कोई बिखर जाता है और जो चुनौतियों का सामना करता है वो निखर जाता है। हमें बिखरना नहीं है। केजीएमयू के गौरव को बढ़ाना है। ध्यान रहे कि कोई भी मरीज निराश न जाए। सीएम ने कहा कि संस्थान नई-नई सेवाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 1905 में जब मेडिकल कॉलेज खुलने की बात आई होगी तो उस समय रियासतों ने सहयोग किया होगा। 10 लाख 75 हजार 800 रुपये से मेडिकल कॉलेज शुरू हो गया। देश के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान के रूप में अग्रणी चिकित्सा संस्थान के रूप में लगातार आगे बढ़ रहा है।



## वन रिपोर्ट: वन एवं वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारत** वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के मुताबिक देश के वन एवं वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। इसमें वन आवरण में 156 वर्ग किमी और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दिखाने वाले चार राज्यों में छत्तीसगढ़ 684 वर्ग किमी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी) हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह रिपोर्ट जारी की। यादव ने खुशी जतायी कि 2021 की तुलना में देश के कुल वन एवं वृक्ष क्षेत्र में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।




# पंचतत्व में विलीन हुए ओपी चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अध्यक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। दोनों बेटों अजय और अभय चौटाला ने अंतिम रस्में कीं। शुक्रवार को चौटाका का गुरुग्राम में निधन हो गया था।



**ओपी चोटाला का अंतिम संस्कार, हजारों लोग पहुंचे**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। चौटाला का अंतिम संस्कार हो गया है। इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। चाहे राजनेता हो या फिर पार्टी कार्यकर्ता या आम लोग। सभी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे। मुखाग्नि बड़े बेटे अजय चौटाला और छोटे बेटे अभय चौटाला दोनों ने दी है।

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी श्रद्धांजलि:** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा में हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अर्पित की श्रद्धांजलि:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेजा खेड़ा फार्महाउस पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सीएम नायब सिंह सैनी ने दी श्रद्धांजलि:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तेजा खेड़ा फार्महाउस पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नमो भारत में यात्रियों को मिलेगी 10% की छूट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः** एनसीआरटीसी ने 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पहल का शुभारंभ 21 दिसंबर 2024 को एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने द्वि-मासिक यात्री न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स के पहले संस्करण का अनावरण भी किया। नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10% की छूट का अवसर मिलेगा। लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले एक अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 रुपये (10 पैसे) है। इसे यात्रियों के 'आरआरटीएस कनेक्ट' खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा।




**सरल बनेगी यात्रा**
इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि 'आरआरटीएस कनेक्ट' एप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पेपरलेस टिकटिंग के माध्यम से यह यात्रा को भी सरल बनाएगा। यह पर्यावरण अनुकूल उपाय एनसीआरटीसी के तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और सतत गतिशीलता समाधान प्रदान करके लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**एप डाउनलोड करने पर मिलेंगे 500 पॉइंटः** आरआरटीएस कनेक्ट एप डाउनलोड करने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्रदान किए जा रहे हैं। ये पॉइंट 50 रुपये के बराबर हैं। यात्री आरआरटीएस कनेक्ट एप को अन्य उपयोगकताओं को रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं। रेफर करने वाले और जिसे रेफर किया गया है, दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्राप्त होंगे जो 50 रुपये के बराबर हैं, जिन्हें उनके संबंधित खातों में जमा किया जाएगा। सभी अर्जित लॉयल्टी पॉइंट क्रेडिट होने की तारीख से एक वर्ष तक वैध रहेंगे, जो निरंतर और सतत यात्रा और निरंतर एप के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे। आरआरटीएस कनेक्ट एप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

**सुविधा**

**⏩ आरआरटीएस कनेक्ट एप को यात्री-केंद्रित सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है**

**नई पहलों और घटनाक्रमों की मिलेगी सूचनाः** द्वि-मासिक न्यूजलेटर, नमो भारत टाइम्स, एनसीआरटीसी के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे ल्लू१३ृ.ल्ल, ११३२ॢ.ङ्क.ल्ल आदि पर मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें आरआरटीएस कनेक्ट एप भी शामिल है। यह न्यूजलेटर नमो भारत के यात्रियों को एनसीआरटीसी द्वारा लॉन्च की जा रही नई पहलों और हाल के घटनाक्रमों के बारे में सूचनाएं एवं अपडेट प्रदान कर, नमो भारत सेवा के साथ उनके कनेक्शन को सुदृढ़ करेगा। यह न्यूजलेटर सूचना के एक व्यापक स्रोत के रूप में कार्य करेगा, जिसमें यात्री-केंद्रित गतिविधियों, यात्रा की जरूरतों, स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं और आरआरटीएस प्रणाली को सफल बनाने वाले व्यक्तियों को सराहने वाली कहानियां भी शामिल होंगी। यह सभी उम्र के यात्रियों को इस न्यूजलेटर का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करता है और एनसीआरटीसी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। यात्री-केंद्रित सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया आरआरटीएस कनेक्ट एप को यात्री-केंद्रित सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्राफार्मा पर एकल पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर उप मुख्य अभियंता/निर्माण/तिलक ब्रिज के अधिकार क्षेत्र में के संबंध में "उत्तर रेलवे के साथ डीएफसी की कनेक्टिविटी के संबंध में कुंभावास यार्ड कार्य" जिसमें सिविल कार्य, तटबंधों को भरने और काटने में मिट्टी कार्य सहित स्थायी मार्ग कार्य, कंबल सामग्री के संघनन सहित आपूर्ति और फैलाव, पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति और डालना, एलएचएस का विस्तार, रिटेनिंग दीवारों आदि का प्रावधान, सेवा भवन, उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों का प्रावधान, जलनिकासी प्रणाली का प्रावधान, रेलवे ट्रैक/टर्न आउट और अन्य सभी स्थायी मार्ग स्थापनाएं आदि, मौजूदा भवनों और मौजूदा पी-वे अवसंरचनाओं के सभी प्रकार के निराकरण और अन्य सभी संबद्ध कार्य आदि शामिल हैं। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 49.96 करोड़ |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 2647900/- |
| 4 | कार्य निष्पादन की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 5 | ई-निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान | निविदा दिनांक 15.01.2025 तक आईआरईपीएस वेब साइट www.ireps.gov.in पर 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता ई निविदा में भाग ले सकते हैं, जो दिनांक 15.01.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 01.01.2025 से 15.01.2025 तक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

सं. 490-एसीएस-सी-कुमांवास-टीकेजे दिनांक 20.12.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3900/24

# किशोरी की मौत मामले में हिंदू संगठनों ने काटा बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर छह दिन पहले हुई किशोरी की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा किया। निवाड़ी पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। तहरीर बदलवाने का भी दारोगा पर आरोप लगाया है। करीब आधे घंटे तक हंगामा जारी रहा। एसीपी मोदीनगर ने उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया। बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारी शनिवार को पैदल मार्च करते हुए मोदीनगर तहसील पहुंचे। उनके साथ में किशोरी के स्वजन थे। हाथ में न्याय दो की तख्तियां ले रखी थी। साथ ही बेटी को न्याय दो का बैनर ले रखा था। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी तहसील सभागार में पहुंचे और धरने पर बैठ गए। किशोरी की मां तो रोते हुए जमीन पर गिर पड़ी।




**खुद को हिंदू बताकर किशोरी से शुरू की बात**
पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आरोपित मुस्लिम समुदाय हैं। लेकिन खुद को हिंदू बताकर उसने किशोरी से बात शुरू कर दी। मोनू मलिक नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बना रखी है। जबकि असली नाम साहिल खान है। आरोपित जबरन किशोरी को बाइक पर लेकर गया और रास्ते में हत्या कर दी। शव सड़क पर फेंक दिया। हत्या को हादसा दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने केस भी सड़क हादसे में मौत की धारा में दर्ज किया।

**दारोगा ने पोस्टमार्टम हाउस पर ही जबरन तहरीर लिखवाई**
आरोप लगाया कि दारोगा ने पोस्टमार्टम हाउस पर ही जबरन तहरीर लिखवाई थी। जबकि वे अपने वकील से तहरीर लिखवा रहे थे। ऐसे में निवाड़ी पुलिस ने उनके साथ गलत किया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी यदि जल्द मुकदमे में हत्या व पाक्सो की धाराएं नहीं बढ़ाई गई तो आंदोलन किया जाएगा।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अरविंद उर्फ लक्की,** पुत्र त्रिलोक सिंह, निवासी-1089, जनता फ्लैट जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 1078/2017 धारा 12/9/55 गेमलिंग अधिनियम थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरविंद उर्फ लक्की** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरविंद उर्फ लक्की** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अरविंद उर्फ लक्की, एफ आई आर नंबर 1078/2017 धारा 12/9/55 गेमलिंग अधिनियम थाना नंद नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.01.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16677/NE/2024

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 6-SEFile-260438Tender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "कार्य के दायरे के अनुसार 100 एलएचबी ईओजी एसी कोचों में उच्च क्षमता वाले कपलर और फीडर केबल का प्रावधान।" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये Rs. 34624151.67/-जीएसटी @18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 323100/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 13.01.2025 खुलने का समय 13:00 बजे। |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 6-SEFile-260438Tender दिनांक :- 21.12.2024 3914/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोई बनियान तो कोई खाना खाते-खाते ऑनलाइन सुनवाई में हो रहा शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण की विभिन्न पीठ ऑनलाइन सुनवाई के दौरान तरह-तरह की समस्याओं से परेशान है। कोई बनियान पहने ही ऑनलाइन सुनवाई में जुड़ जाता है तो कोई खाना खा रहा होता है। अब परेशान होकर यूपी रेरा ने आदेश जारी कर हिदायत दी है। कहा है कि सभ्य परिधान पहनकर ही सुनवाई में शामिल होना होगा। वहीं, बिल्डरों को भी हर सुनवाई में उपस्थित होने का सख्त आदेश दिया है। यूपी रेरा में इस समय 56,136 से अधिक खरीदार शिकायत कर चुके हैं, जिन पर यूपी रेरा ऑनलाइन सुनवाई कर रहा है। कोविड के समय यूपी रेरा ने ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा शुरू की थी, लेकिन बाद में इसे नियमित कर दिया, ताकि देश के किसी भी कोने से खरीदार सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन इस सुविधा पर खरीदार व अन्य पक्ष सभ्यता का परिचय नहीं दे रहे हैं। किसी भी अवस्था में सुनवाई में शामिल हो जाते हैं। कई बनियन पहने रहता है तो कोई खाना खाते समय सुनवाई में जुड़ता है। कोई कार चलाते समय तो कुछ काम कर रहा होता है। वहीं, अधिवक्ता भी लापरवाही बरत रहे हैं। इस पर यूपी रेरा ने फिर आदेश जारी कर सभ्यता और शिष्टाचार के साथ सुनवाई में शामिल होने की हिदायत दी है। यूपी रेरा के सचिव ने कहा है कि सभी पक्ष को अच्छे परिधान में उपस्थित होना होगा और अपना पक्ष शिष्टता के साथ रखेंगे। बता दें कि यूपी रेरा ने दो वर्ष पूर्व भी एक आदेश जारी किया था, जिसमें अधिवक्ताओं और अन्य पक्षकार की वेशभूषा तय की थी, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। यूपी रेरा ने सभी से नियमों का पालन करने की अपील की है। वहीं, सुनवाई के दौरान एक जगह पर कई डिवाइस को जोड़ लेते हैं, जिस कारण अजीब सा शोर शुरू हो जाता है। अधिकतम दो डिवाइस लॉगिन करने और एक स्थान पर एक डिवाइस का प्रयोग करने की अपील की है।




# एक छात्रा ने दूसरी को बाल पकड़कर जमीन पर पटका

**ग्रेटर नोएडा :** नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज में दो लड़कियों के बीच हुई जबरदस्त मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना कॉलेज कैंपस में हुई, जहां दोनों लड़कियों के बीच किसी विवाद के चलते हाथापाई शुरू हो गई। घटना के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक लड़की दूसरी लड़की के बाल खींचकर मार रही है। दोनों एक-दूसरे पर हमला कर रही हैं। वहां मौजूद अन्य छात्र-छात्राएं इस झगड़े को रोकने की बजाय तमाशबीन बने रहे और कई लोग वीडियो बनाते नजर आए।

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09252189 | ब्रेक वियर प्लेट | 55817 नग | 13-01-25 |
| 02 | 02241951B | सेट ऑफ इमरजेंसी लाइटिंग यूनिट | 971 सेट | 13-01-25 |
| 03 | 02245060A | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ रूफ माउंटेड एयर कंडीशनिंग सिस्टम | 55 एलसेट | 13-01-25 |
| 04 | 15245247A | आटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट | 1 नग | 15-01-25 |
| 05 | 14240845 | सोप टॉयलेट केक | 372363 नग | 15-01-25 |
| 06 | 07240448 | होज़ कनेक्शन 20 X 550 एम एम | 14145 नग | 16-01-25 |
| 07 | 07240464 | ओवरहालिंग किट फॉर मनिफोल्ड मॉउंटिंग कॉक | 890 सेट | 20-01-25 |
| 08 | 03242589 | फ्लेक्सिबल पी वी सी फ्लोरिंग शीट | 3984 मीटर | 20-01-25 |
| 09 | 07243685A | पुश टाइप फ्लशिंग वाल्व | 11185 नग | 23-01-25 |
| 10 | 07240465 | सरकिट बोर्ड इ बी 01 बी | 96 नग | 23-01-25 |

निविदा शर्तें - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 83/2024-2025 दिनांकः- 20.12.2024 3913/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं:- इलेक्ट-पीएस-20574 दिनांक:- 19.12.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**विवरण:- 1. कार्य का नाम :** 11/0.433 केवी, 750 केवीए, वितरण ट्रांसफार्मर की मरम्मत और 03 वर्षों के लिए ट्रांसफार्मर का डीजीए परीक्षण। **2. कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज, रायबरेली। **3. अनुमानित लागत :** ₹ 20,33,850.20 (रू0 बीस लाख तैंतीस हजार आठ सौ पचास रुपये और बीस पैसे मात्र।) **4. अग्रिम राशि :** ₹ 40,700.00 (रू0 चालीस हजार सात सौ मात्र।) **5. कार्य समाप्ति की अवधि:** 36 माह (छत्तिस माह।) **6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 13.01.2025 को 15:30 बजे। **7. अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-225 **दिनांकः** 18.12.2024

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़न- प्रोवीजन ऑफ़ रिमैनिंग दिव्यांगजन फेसिलिटीस अदर मिनिमम एसेंशियल फेसिलिटीस एट स्टेशन इन बिटवीन झाँसी - परौना सेक्शन अंडर एडीईएन/एचक्यू-।/झाँसी।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू): ₹17063349.01 | अमानत राशि (रू): ₹235300.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि: 14.01.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

- निविदा दिनांक 14.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बैवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

2157/24(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना - ई - टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई - प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-INSTRUMENTATION-MB DATE 20.12.2024 | अधि. अभि. पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 52 UP (11x61 मीटर) मुरादाबाद-गाजियाबाद खंड, पुल नंबर 1137 UP और DN (10x61 मी) बरेली-मुरादाबाद खंड पर एक- एक स्पैन का इंस्ट्रुमेंटेशन और स्थिति की निगरानी का कार्य | ₹ 1,67,95,939.29 | ₹ 2,34,000/- | 18 (अठारह) महीने | दिनांकः 14.01.25 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है।

3905/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# पूर्वांचलियों को उजाड़ने की साजिश कर रही बीजेपी: आप

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचलियों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा आमने-सामने

**आरोप**

**⏩ आदेश पास कराया है कि निगम के स्कूलों में पढ़ रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की जाए**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचलियों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा आमने-सामने हैं। आप का आरोप है कि भाजपा पूर्वांचलियों को दिल्ली से उजाड़ने की साजिश कर रही है। भाजपा संसद में पूर्वांचल समाज के लोगों को रोहिंग्या कहकर अपमानित करने के बाद अब उनके बच्चों को प्रताड़ित करना और उनके घरों पर बुलडोजर चलाना चाहती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि पूर्वांचल समाज को बर्बाद करने के लिए भाजपा ने दिल्ली नगर निगम (आप) में आदेश पास कराया है कि निगम के स्कूलों में पढ़ रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की जाए। आप ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भाजपा अपनी साजिशों को बंद नहीं करेगी तो वह पूर्वांचल समाज के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। आप सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर एक बयान में कहा कि भाजपा यूपी, बिहार और पूर्वांचलियों के प्रति अपने घृणित मानसिकता से बाहर नहीं आ रही है। पूर्वांचलियों को दिल्ली में बर्बाद करने की एक नई योजना लेकर आई है। उन्होंने दावा किया कि घर उजाड़ने के लिए एमसीडी से एक आदेश पारित कराया है। इसमें शिक्षा विभाग को नगर निगम स्कूलों में दाखिला देते समय अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे।
साथ ही यह भी अनुरोध किया है कि स्कूल में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के बच्चों की पहचान करने के लिए उचित पहचान और सत्यापन अभियान भी चलाया जाए। सभी को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों द्वारा की गई अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

## मजदूरों को आर्थिक सहायता नहीं दे रही दिल्ली सरकार: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर भवन निर्माण मजदूरों को आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करवा रही है। कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर ग्रेप-4 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए लाखों श्रमिकों को तुरंत आर्थिक मदद के रूप में प्रत्येक पात्र श्रमिक को आठ हजार रुपये देने का आदेश दिल्ली सरकार को दिया था। लेकिन दिल्ली सरकार के असंवेदनशील रवैये के कारण लाखों मजदूरों के बच्चों को अन्न का निवाला तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण के मद्देनजर एक बार फिर से ग्रेप-4 का दूसरा चरण लागू हो गया है और निर्माण गतिविधियों पर रोक के कारण दिल्ली के 20 लाख मजदूर फिर से बेरोजगार हो गए हैं। उनके परिवारों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने खुद पिछले दिनों 'दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड' में पंजीकृत 90,759 श्रमिकों को 8000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी मजदूर को 8 हजार रुपये नहीं मिले हैं।

# दिल्ली चुनाव: 6 से 10 जनवरी के बीच हो सकती है तारीख की घोषणा





**बैठकों का दौर**

**⏩ किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के लिए न्यूनतम 35 दिन चाहिए होते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। चुनाव आयोग की ओर से कई बैठकों का दौर चल रहा है। बताया जा रहा है कि चुनाव की तारीख की घोषणा 6 से 10 जनवरी के बीच हो सकती है। 24 दिसंबर को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरा होगा। इसके बाद छह जनवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। हालांकि, अभी तारीखों पर दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी, 2025 तक का है। इससे पहले दिल्ली विधानसभा का गठन करने के लिए चुनाव होने हैं। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। सूत्रों का कहना है कि चुनाव के लिए दिसंबर की जगह जनवरी के पहले या फिर दूसरे सप्ताह के बीच तारीखों की घोषणा होगी। पिछले चुनाव की बात की जाए तो 6, जनवरी 2020 को तारीखों की घोषणा की गई थी। किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के लिए न्यूनतम 35 दिन चाहिए होते हैं। ऐसे में 6 से 10 जनवरी के बीच चुनाव की घोषणा के बाद न्यूनतम समय मिल जाएगा।

# 105 रुपये आने पर छोले-भटूरे बेचने वाले का खाता फ्रीज



**फर्जीवाड़ा**

**⏩ हाईकोर्ट ने बैंक को साइबर धोखाधड़ी के संदेह में फ्रीज किए खाते को डीफ्रीज करने के निर्देश दिए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** यदि आपके खाते में अज्ञात नंबर से चंद रुपये भी आएं तो सावधान हो जाएं। ऐसे में तुरंत बैंक अथवा पुलिस को सूचना दे दें, अन्यथा आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी ही दिक्कत का सामना दिल्ली में छोले-भटूरे बेचने वाले स्ट्रीट वेंडर को करना पड़ा। खाते में मात्र 105 रुपये अज्ञात स्त्रोतों से आने पर यूनियन बैंक ने आंध्र प्रदेश पुलिस के आदेश पर उसका खाता फ्रीज कर दिया। इसका पता उसे तब चला जब उसने अपने खाते से पैसा निकालने का प्रयास किया। मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने बैंक को साइबर धोखाधड़ी के संदेह में फ्रीज किए खाते को डीफ्रीज करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने माना कि विक्रेता के बैंक खाते पर पूर्ण रोक लगाना उसके आजीविका कमाने के अधिकार का उल्लंघन है, जो अनुच्छेद 21 के तहत उसके जीवन के अधिकार का हिस्सा है। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता के पूरे बैंक खाते को फ्रीज करने का आदेश पारित करना एक गंभीर और प्रतिकूल निहितार्थ है और यह उसके कमाने और सम्मान के साथ जीने के अमूल्य अधिकार पर आक्रमण करता है। बताते चलें कि दिल्ली में 35 रुपये प्रति प्लेट छोले-भटूरे बेचने वाले स्ट्रीट वेंडर ने जब पाया कि वह अपना बैंक खाता संचालित करने में असमर्थ है तो उसने बैंक से संपर्क किया।

# स्कूलों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बच्चों के सत्यापन का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लेदेशियों के मद्देनजर बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम ने स्कूलों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बच्चों का सत्यापन और पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक आदेश जारी किया है कि किसी भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को जन्म प्रमाण पत्र जारी न किया जाए। निगम ने सभी स्कूलों के प्रमुखों को 31 दिसंबर 2024 तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया।

# चांदनी चौक सीट: कभी कांग्रेस का रहा दबदबा, अभी आम आदमी पार्टी काबिज

**दिल्ली चुनाव**

**⏩ इस बार का विधानसभा चुनाव नए चेहरों के बीच रोचक मुकाबले का गवाह बनेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए मशहूर चांदनी चौक में व्यापारिक गतिविधियों के साथ देशभक्ति और शहादत की कहानियां भी बसती हैं। विधानसभा के गठन के बाद 1993 से इस सीट पर दबदबा कांग्रेस का रहा, लेकिन इस वक्त यहां आम आदमी पार्टी काबिज है। इस बार का विधानसभा चुनाव नए चेहरों के बीच रोचक मुकाबले का गवाह बनेगा। इस क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बेहद दिलचस्प है। यहां के मतदाता हमेशा सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाते आए हैं। केवल एक बार ऐसा हुआ है जब इस क्षेत्र का विधायक सत्ताधारी दल का हिस्सा नहीं रहा, लेकिन तब भी उसने सरकार को समर्थन दिया था। यह क्षेत्र हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं का मिलाजुला गढ़ है। यहां हर पार्टी के लिए समीकरण साधना चुनौतीपूर्ण होता है। चांदनी चौक में लंबे समय तक कांग्रेस का दबदबा रहा है। पार्टी यहां अक्सर जीत दर्ज करती आई थी, लेकिन पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। इन चुनावों में आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की और कांग्रेस का प्रभाव लगभग खत्म कर दिया। चांदनी चौक में भाजपा का रिकॉर्ड काफी कमजोर रहा है। पार्टी ने यहां केवल वर्ष 1993 में जीत दर्ज की थी। इसके बाद से यह सीट भाजपा के लिए चुनौती बनी हुई है।

**कड़ा मुकाबला तय**
चांदनी चौक विधानसभा सीट पर इस बार का मुकाबला काफी कड़ा और दिलचस्प होने की संभावना है। पुराने राजनीतिक गढ़, जातीय समीकरण और नई रणनितियां इस बार के चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकती हैं। यह देखना रोचक होगा कि क्या आप अपनी पकड़ बनाए रखती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन वापस हासिल कर पाती है या भाजपा लंबे समय के बाद यहां जीत का स्वाद चखती है। इस बार आप और कांग्रेस ने नए चेहरों पर दांव लगाया है। आप ने मौजूदा विधायक प्रहलाद सिंह साहनी की जगह पार्षद बेटे पुरनदीप साहनी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने इस इलाके के ही नहीं, बल्कि जयप्रकाश अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल को टिकट दिया है।

# गठिया के मरीजों के लिए ठीक नहीं ये मौसम, होगी परेशानी



**हड्डियों में दर्द**

**⏩ सर्दी ने आर्थराइटिस के मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तापमान गिरते ही जोड़ अकड़ने लगे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सर्दी ने आर्थराइटिस के मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तापमान गिरते ही जोड़ अकड़ने लगे हैं और हड्डियों में दर्द शुरू होने लगा है। इससे चलने फिरने में दिक्कत के साथ ही कमर दर्द, अंगुलियों के जोड़ों में सूजन परेशान कर रही है। गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 100 से 150 मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों की ओर से उन्हें सिंकाई करने और विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है।

**गिर रहा तापमान, बढ़ रहे मरीज**
तापमान में लगातार गिरावट आने से गठिया, चोट के पुराने मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। रोजाना ओपीडी में 90 से 110 मरीज आ रहे हैं, जिनके घुटने, कंधे, हाथों की अंगुलियों के जोड़ में सूजन से दर्द की परेशानी है। गठिया के पुराने मरीजों के जोड़ों में सूजन ऐसी है कि मरीज चल फिर नहीं पा रहा है।
इनमें 50 साल से अधिक उम्र के मरीज अधिक हैं। ठंड के कारण हड्डियों में अकड़न से रक्तसंचार कम होने से परेशानी और बढ़ गई है। गठिया के मरीज जांच कराने के बाद बेहतर उपचार लें।

# अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किलें

**मंजूरी**

**⏩ एलजी ने ईडी को आप संयोजक केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के पूर्व** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं।
दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आबकारी नीति मामले में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी थी। वहीं आप ने भी भाजपा पर हमला बोला है। आप का कहना है कि ईडी झूठी खबर चला रही है, अगर केजरीवाल के ऊपर कोई मुकदमा चलाने की मंजूरी एलजी सक्सेना ने दी है है तो कॉपी दिखाओ।
सीएम आतिशी ने ईडी से कॉपी सार्वजनिक करने की मांग की दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मामले को लेकर एक्स पर लिखा है कि अगर एलजी साहब ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी को मंजूरी की कॉपी सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत है? ये खबर सिर्फ लोगों को गुमराह करने, मुद्दों से भटकाने के लिए फैलाई जा रही है। भाजपा ये साजिशें बंद करो। सच सामने लाओ।

# दिल्ली पर ठंड के साथ प्रदूषण की भी मार, एक्यूआई 400 पार

**दमघोंटू**

**⏩ दिल्ली में लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। सुबह कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के चलते दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तापमान गिरने के साथ ही कोहरे छा रहा है। राजधानी में ठंड और कोहरे के साथ प्रदूषण का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में आ रही ठंडी हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में ठंड को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दिल्ली में लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। आज सुबह कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। राजधानी में हवा की दिशा बदलने से वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बरकरार है। तापमान गिरने से ठंड तो दूसरी तरफ प्रदूषण की मार लोगों पर पड़ रही है। स्मॉग के कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के आनंद विहार में 441, अशोक विहार में 423, आया नगर में 354, बवाना 408, बुराड़ी 403, आईटीओ 375, नेरेला 370, आरकेपुरम में 4116 एक्यूआई दर्ज किया गया है। सूचकांक (एक्यूआई) 429 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आनंद विहार सहित 30 इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है। साथ ही, डीटीयू, लोधी रोड व आईजीआई एयरपोर्ट सहित केवल चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में रही। सुबह से ही कोहरे के साथ स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली।



# ओम प्रकाश चौटाला पंचतत्व में विलीन

**दुख की घड़ी**

**ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में निधन हो गया था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। चौटाला का अंतिम संस्कार उनकी इच्छानुसार सिरसा के गांव तेजा खेड़ा स्थित फार्म हाउस में किया गया। ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में निधन हो गया था। ओम प्रकाश चौटाला का पार्थिक शरीर शनिवार सुबह आठ बजे अंतिम दर्शनों के लिए तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर रखा गया। जहां भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने कहा कि मृत्यु से पांच दिन पहले फोन पर उनके साथ बात हुई तो उन्होंने अपने बजाए मेरे स्वास्थ्य की चिंता की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला की स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास बहुत था। वह विपरीत हालातों में भी आगे बढ़े। चौटाला ने अपने पूरे जीवन में किसान और गांव के विकास को प्राथमिकता दी। हरियाणा ने आज एक प्रखर वक्ता को खो दिया है। यहां केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, रणबीर गंगवा, अरविंद शर्मा, महीपाल ढांडा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, कार्तिकेय शर्मा, शिरोमणि अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर बादल, पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। फार्म हाउस में ही अंतिम रस्मों के बाद चौटाला की पार्थिव देह को संस्कार के लिए ले जाया गया। अंतिम यात्रा में भी चौटाला ने हरे रंग की पगड़ी व चश्मा पहना हुआ था। उनका शरीर तिरंगे में लिपटा था। संस्कार स्थल पर पहुंचने के बाद हरियाणा पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। पिता देवीलाल की तरह चौटाला का अंतिम संस्कार भी चंदन की लाल लकड़ी के साथ किया गया। चौटाला के बड़े बेटे अजय सिंह चौटाला व छोटे बेटे अभय चौटाला संयुक्त रूप से पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी।





## ओमप्रकाश चौटाला जी बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे: जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी का शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 साल के थे। शनिवार 21 दिसंबर को उनके पैतृक गांव चौटाला में उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां नवीन जयहिन्द ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयहिन्द ने बताया कि चौटाला साहब बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे। आज के दिन किसी नेता में इतनी हिम्मत नहीं होगी कि 75 साल की उम्र में दस साल की सजा की जेल काटकर ज़िंदा वापिस आ जाएगा। साथ ही जयहिन्द ने कहा लोग चौटाला साहब की पॉलिसी व काम से सहमत ना हो कोई बात नहीं, लेकिन इस बात में कोई आपति नहीं होनी चाहिए कि चौटाला साहब बहुत हिम्मत वाले आदमी थे। जयहिन्द ने कुछ पुराना यादें साझा करते हुए बताया कि अन्ना आंदोलन के दौरान गुरुग्राम के एक मेडिकल में अन्ना जी एडमिट हुए थे और मैं उनके साथ था। उसी मेडिकल में चौटाला जी भी एडमिट थे। चौटाला साहब को पता चलने पर उन्होंने मुझे बुलाया और मेरा नाम व पता पूछा। मेरे बताने पर उन्होंने झट से बता दिया कि तुम्हारे गांव के नाम पर दो गांव है तुम कौनसे गांव के हो, उसके बाद एक गांव में चौटाला साहब द्वारा जनता दरबार लगाया गया था उसमें हमने नारे लगाए तो उन्होंने तुरंत मुझे पहचान लिया। मैने उस समय देखा कि इतनी ज्यादा उम्र में भी याददाश इतनी तेज होना आम बात नहीं है। चौटाला साहब ने 87 साल की उम्र में जेल से ही 10वीं की परीक्षा दी और मेरिट में पास हुए। बेशक वे बहुत बुद्धिमान थे और उनसे हमें ओर आज के बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

**चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर जताया शोक**

कांग्रेस भवन में आयोजित जनसभा के दौरान कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, शिशपाल केहरवाला सहित सभी नेताओं व कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रख कर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक प्रकट किया। इस दौरान कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारा आज गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने का कार्यक्रम पहले से ही तय था पर शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर हमने इस विरोध प्रदर्शन को रद्द कर दिया है।

उन्होंने कहा कि चौटाला साहब पूर्व में मुख्यमंत्री रहे, उनका अपना व्यक्तित्व था और वे सिरसा के बेटे थे इसलिए हम ये विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे पर भाजपा के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे और जनता के मुद्दों को निरंतर उठाते रहेंगे।

## नाबालिग लड़की को आत्महत्या के लिए किया मजबूर, गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर: बहादुरगढ़ के सेक्टर**-6 थाना क्षेत्र की कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की नाबालिक बेटी ने एक युवक से तंग आ फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने इस आरोप में मोहम्मद मोहसिन नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर छह थाना बहादुरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर ने बताया कि बिहार मूल एक व्यक्ति अपने परिवार सहित कई वर्ष से बहादुरगढ़ में किराए पर रहता है और ई-रिक्शा चलाता है। शुक्रवार 19 दिसंबर को उसको उसके पड़ोसी ने सूचना दी कि उसकी लड़की बीमार है। जिसे अस्पताल में ले गए हैं। इस सूचना पर वह अस्पताल गया तो पता चला कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। अपनी बेटी की मौत का कारण जानने के लिए वह घर पहुंचा और देखा तो पंखे पर चुन्नी लटकी हुई थी। पता चला कि एक लड़का उनके घर आया था वही लड़का उनकी बेटी को अस्पताल भी ले गया। पीड़ित पिता ने कहा कि यह वही लड़का है जो उनकी बेटी को बार-बार परेशान करता था। जिससे तंग आकर उनकी लड़की ने आत्महत्या की है। थाना प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि इसी सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर छह बहादुरगढ़ में आपराधिक मामला दर्ज किया गया और मामले के आरोपी मोहम्मद मोहसिन निवासी मब्बी बेलौना, बिहार के तौर पर की गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी लड़की पर दबाव बना रहा था। जिससे परेशान होकर लड़की ने आत्महत्या की है।

## न्यूज फ्लैश

### फरीदाबाद में महिला की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में शनिवार को एक महिला की मौत हो गई। मृतका हैप्पी के परिजनों ने उसके पति और उसके ससुर पर जमीन के लिए 5 लाख रुपए मांगने और पूरे पैसे नहीं देने पर प्रताड़ित करने के साथ मारपीट कर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। मृतका के भाई चमन कुमार ने बताया कि वह दिल्ली के रहने वाले है। उनकी बहन की शादी 12 जून 2022 को जवाहर कॉलोनी के रहने वाले पुष्कर से हुई थी। लेकिन तभी से वह लोग से जमीन के लिए रुपए मांग रहे थे और उन्होंने 2 लाख रुपए दे भी दिए थे। इसके बावजूद बीते कल उन्होंने उनकी बहन की पीट-पीट कर हत्या कर दी। उन्हें सूचना भी उनके दूसरे रिश्तेदार विनोद सिंह ने दी उन्होंने बताया कि आपकी बहन की मौत हो चुकी है। इसके बाद जब वह फरीदाबाद पहुंचे तब जवाहर कॉलोनी उनके घर पर लडका फरार था। फिर उन्हें बताया गया मृतका के शव को निजी अस्पताल में रखवाया गया हैं। अब मायके पक्ष के लोग आरोपी पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मृतका का एक सवा साल का बेटा भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यमुनानगर में अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** अपराध शाखा-2 की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को अधिक जानकारी देते हुए अपराध शाखा-2 के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि त्रिवेणी चौंक नजदीक डेहा बस्ती रादौर के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है।इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में जिसकी पहचान कुलदीप उर्फ साहिल वासी फतेहपुर जट थाना नकुड जिला सहारनपुर, हाल किरायेदार शशीकान्त आईटीआई यमुनानगर के पास ससौली रोड के नाम से हुई है। प्रभारी ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

### एमपीएचई एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव आज

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन जिला महेन्द्रगढ का त्रिवार्षिक जिला स्तरीय सम्मेलन 22 दिसंबर सुबह 10 बजे यादव धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी किया जाएगा। जिला प्रधान धर्मवीर यादव व राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने कर्मचारियों के मुद्दों व समस्याओं के समाधान के लिए अहम भुमिका निभाई है और भविष्य में भी कर्मचारियों के मुद्दे व समस्याओं के समाधान के लिए मजबूत कार्यकारिणी के गठन के लिए जिलेभर के सभी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी इस सम्मेलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर सर्वकर्मचारी संघ व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के मार्गदर्शन में आगामी रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी। कर्मचारियों की एसोसिएशन ना केवल कर्मचारियों के कल्याण के लिए गठित की जाती है बल्कि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलती रहे यह भी सुनिश्चित किया जाता है। क्योंकि यदि कर्मचारी ही समस्या ग्रस्त है तो वह जनता की क्या सेवा कर सकता है। इसलिए मजबूत संगठन की बेहद आवश्यकता है और बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन सर्व कर्मचारी संघ के मार्गदर्शन में बेहतर कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहती है।

## साधुओं को नपुंसक बनाने के मामले में राम रहीम को बचाव के लिए केस डायरी सौंपने का आदेश रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम पर साधुओं को नपुंसक बनाने के आरोप के तहत सीबीआई अदालत में मुकदमा चलेगा। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने जेल में सजा काट रहे राम रहीम को झटका दिया है। सीबीआई की विशेष अदालत में फिर से उनके खिलाफ साधुओं को नपुंसक बनाने का मुकदमा चलेगा।

हाईकोर्ट ने केस डायरी सौंपने के आदेश को रद्द कर दिया है। राम रहीम फिलहाल रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। डेरा सच्चा सौदा में साधुओं को ईश्वर से मिलवाने के नाम पर नपुंसक बनाने के मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मामले की केस डायरी डेरा प्रमुख को सौंपने के सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने मामला दोबारा सीबीआई विशेष अदालत को भेजते हुए नए सिरे से निर्णय लेने का आदेश दिया है।



सीबीआई ने 2019 में हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। असल में सीबीआई अदालत ने राम रहीम को अपना बचाव तैयार करने के लिए यह केस डायरी, गवाहों के बयान और अन्य दस्तावेज उपलब्ध करवाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने ही डेरे में साधुओं को नपुंसक बनाने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआई ने मामले की जांच कर हाईकोर्ट में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट दी थी। यह केस अब पंचकूला की सीबीआई अदालत में चल रहा है।

सीबीआई अदालत ने 2019 में डेरा प्रमुख की एक अर्जी पर इस मामले की केस डायरी उसे सौंपने का सीबीआई को आदेश दिया था। सीबीआई ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाइकोर्ट ने कहा कि सीबीआई की विशेष अदालत का यह आदेश गलत था। पुलिस को दिए गए बयानों की कोई अहमियत नहीं होती है, ऐसे में 87 गवाहों की गवाही राम रहीम को सौंपने का कोई औचित्य नहीं है। विशेष अदालत ने आदेश जारी करते हुए इस बात पर गौर नहीं किया कि जो दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, असल में उनको उपलब्ध करवाने का औचित्य क्या है।

## हथियार के बल पर मारपीट कर लूट,गाड़ी से खींचकर निकाला बाहर

**मारपीट**

**गाड़ी के चालक व सवारियों के हाथ जोड़ने पर भी आरोपियों ने गौरव को नहीं छोड़ा।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल में हथियार के बल पर ड्यूटी जाते समय युवक को सवारी गाड़ी से खींच कर जानलेवा हमला कर मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। चांदहट थाना पुलिस ने युवक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार कोशा गुलावद गांव निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भतीजा गौरव फरीदाबाद अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए गुलावद गांव के बस स्टैंड पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान मोहम्मदपुर गांव निवासी महेश अपनी ईको गाड़ी को लेकर वहां पहुंचा, जिसमें तीन सवारी बैठी हुई थी। गौरव भी फरीदाबाद जाने के लिए गाड़ी में बैठ गया। गाड़ी जब हसनपुर-पलवल मार्ग पर कमरावली मोड के पास पहुंची, तभी तीन-चार युवकों ने गाड़ी को रुकवाया। आरोप है कि आरोपी युवकों ने अवैध पिस्टल निकाल कर गाड़ी के चालक की कनपटी पर लगा दी। जिसके बाद दो युवकों ने गौरव को गाड़ी से खींच लिया और लाठी-डंडों से पिटना शुरू कर दिया। गाड़ी के चालक व सवारियों के हाथ जोड़ने पर भी आरोपियों ने गौरव को नहीं छोड़ा।

## टोहाना में खुदाई के दौरान मिट्टी में दबकर मजदूर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद: जिले** के शहर टोहाना में शनिवार दोपहर को हुए दर्दनाक हादसे में मिट्टी के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। टोहाना में पाइप लाइन के लिए खुदाई का काम चल रहा था कि इसी दौरान एक मजदूर मिट्टी के नीचे दब गया। करीब दो घंटे बाद मजदूर को बाहर निकाला गया, उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना के हिसार रोड पर वाटर वर्क्स की डिग्गी के पास नई पाइप लाइन दबाने के लिए जेसीबी से खुदाई चल रही थी।

## किसान दिवस कार्यक्रम में सम्मानित होंगे प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसान

**टीम एक्शन इंडिया**

हिसारः यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी की 122वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगें। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शनिवार को बताया कि इस दौरान कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में अंबाला जिला के गांव धुराला से दिलप्रीत सिंह, अंबाला शहर के दुर्गा नगर से राजविंदर कौर, रेवाडी के बहरामपुर से सुनील कुमार, जखाला से रानी यादव, भिवानी के बडाला से गजानंद, हरिपुर से शर्मिला, नूंह के छपेरा से रविंदर व पूनम, फ?ीदाबाद के नचौली से सुभाष नागर, भोपानी से ममता, फतेहाबाद के हसंगा से सूरजभान, गोरखपुर से दर्शना, झज्जर के वजीरपुर से अजय कुमार, झामरी से सीमा, जींद के अहिरकां से दलेराम, निदाना से कमलेश, कैथल के बट्टा से प्रदीप कुमार, लैंडरपीरजादा से रुपिंदर कौर, करनाल के अमुपुर से अरुण कुमार, चिराव से राजवंती, कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर से नंदलाल, दबखेड़ी से सत्या देवी, महेंद्रगढ़ के खैरा से योगेन्द्र, बचीनी से मंजू, पलवल के गांव मंढनाका से सतवीर सिंह, सरोली से श्रीमती ईश्वर, पंचकूला के टाबर से हरभजन सिंह, पंचकुला के सेक्टर-14 से गुरूमीत कौर, पानीपत के हथवाला से संदीप कुमार, सिठाना से सुजाता, रोहतक के लाखनमाजरा से जय प्रकाश, मैना से रेखा कुमारी, हिसार के चुली खुर्द से संदीप कुमार, बालसमंद से मोनिका, सिरसा के गिगोरानी से वीरेंद्र साहू, खाजाखेड़ा से गीता, सोनीपत के रोहट से जयसिंह, सोनीपत से सोनिया दहिया, यमुनानगर के दोहली से वागीश कंबोज, रतनगढ से श्रीमती प्रवेश कुमारी शामिल है।इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्यइन प्रगतिशील किसानों ने मशरूम उत्पादन एवं डीएसआर, कपड़ा संवर्धन तकनीक, जैविक खेती, फसल विविधीकरण एवं वर्मी कम्पोस्ट शामिल है।

## प्रत्येक ब्लॉक पांच जलाशयों का होगा विकास

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने राज्यभर में भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम पांच जलाशयों के विकास की महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इस प्रयास का उद्देश्य बारिश के पानी का प्रभावी ढंग से संरक्षण करना और पानी की कमी की बढ़ती संभावना के दृष्टिगत पानी की उपलब्धता की चुनौतियों का समाधान करना है। श्रुति चौधरी ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान जलाशयों के विकास हेतु प्रशासनिक सचिवों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन जलाशयों के निर्माण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक हेक्टेयर पंचायत भूमि की पहचान करने हेतु समन्वय स्थापित करना है।

**मानसून जल उपयोग के लिए तकनीकी योजना**

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने मानसून के मौसम में मारकंडा, टांगरी, घग्गर और यमुना जैसी प्रमुख नदियों से अतिरिक्त जल का दोहन और संरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य योजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास और कृषि आवश्यकताओं के लिए इस जल का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

**चैनलों का पुनर्वास और दो वर्षीय कार्य योजना**

श्रीमती चौधरी ने फील्ड अधिकारियों को राज्य में सभी चैनलों का निरीक्षण करने और पुनर्वास की आवश्यकता वाले चैनलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के सिंचाई नेटवर्क के अंतिम छोर के लाभार्थियों को प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो वर्षीय चरणबद्ध कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। इन पहलों का समर्थन करने के लिए सिंचाई मंत्री ने राज्य के नियमित बजट के साथ-साथ नाबार्ड, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से सहायता सहित अन्य वित्तपोषण विकल्पों की संभावनाएं तलाशने का भी आग्रह किया। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग लड़की का नशीला पदार्थ खिलाकर किया अपहरण

**जांच जारी**

**महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 17 दिसंबर को शाम करीब साढ़े छह बजे वह दवाई लेने चली गई थी।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल में नाबालिग लड़की को नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण करके ले जाने व आरोपियों द्वारा हत्या करने की आशंका व्यक्त करने का मामला सामने आया है। कैंप थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 17 दिसंबर को शाम करीब साढ़े छह बजे वह दवाई लेने चली गई थी। उसी दौरान पीछे से राजू व राहुल नामक युवक उसकी नाबालिग 16-17 वर्षीय बेटी कुछ खिलाकर अपने साथ ले गए। पीड़िता ने शक जाहिर किया है कि आरोपी उसकी लड़की को जान से मार सकते है। शिकायत में कहा कि उसने 10 दिसंबर को एक शिकायत पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण आरोपी युवकों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने इस वारदात को अंजाम दे दिया। पांच दिन बीत जाने के बाद भी उसकी बेटी का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। आरोपी अपराधी किस्म के है, पहले भी धमकी देते थे। जिस दिन मौका मिलेगा, उसी दिन तेरी बेटी को उठाकर ले जाऐंगे। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक पुलिस न तो लड़की का कोई पता लगा सकी है और न ही आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तराखंड की प्रभारी व सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा दलित विरोधी है, किसान विरोधी है और नागरिक विरोधी है। उन्होंने कहा कि आज देश ही नहीं दुनिया देख रही है कि हमारी संसद में क्या हो रहा है। चाहे वह लोकसभा हो या फिर राज्यसभा। दोनों सदनों में जो हो रहा उसको पुरी दुनिया देख रही है। कुमारी सैलजा शनिवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित कर रही थी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विपक्ष का काम होता है लोगों की आवाज को उठाना, लोगों के मुद्दों को उठाना पर सत्ता पक्ष संसद



में सत्र चलने ही नहीं देता। विपक्ष न तो लोकतंत्र भी मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो संविधान बनाने के लिए जो कमेटी बनाई गई उसमें कांग्रेस ने सभी पार्टियों को शामिल किया ताकि सभी धर्मों व सभी लोगों की तरफ से इस कमेटी में प्रतिनिधित्व हो। यह सोच थी कांग्रेस के नेताओं की। उस समय जिन को आज भाजपा अपना नेता मानती है श्यामाप्रसाद मुखर्जी को भी संविधान बनाने की कमेटी में शामिल किया गया। आजादी के बाद जब संविधान की रचना करने की बात आई तो सभी के दिमाग में एक ही नाम पूरे देश से सामने आया और वो नाम था बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का। दुनिया में कई ऐसे देशों में लोकतंत्र स्थापित हुआ जो पहले कभी गुलाम रहे थे पर आज भारत को छोड़कर कोई ऐसा देश नहीं जहां लोकतंत्र बचा हो। हमारा लोकतंत्र इसलिए बचा हुआ है कि बाबा साहेब जैसे महान व्यक्ति की सोच के अनुसार संविधान बना था। आज ऐसे महान व्यक्तित्व जिनको लोग भगवान से कम नहीं मानते उनका मजाक उड़ाया जाना पूरे देश का मजाक उड़ाना है। हम से ऐसे शब्द आम आदमी के लिए भी नहीं बोले जाते जो भाजपा वाले बाबा साहेब के बारे में बोल रहे हैं।

**प्रदर्शन**

**आज देश ही नहीं दुनिया देख रही है कि हमारी संसद में क्या हो रहा है। चाहे वह लोकसभा हो या फिर राज्यसभा**

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हम संविधान को ग्रंथ से कम नहीं मानते और इन लोगों को ग्रंथ की इजत करना भी नहीं आता। ये कहते हैं कि 60 साल में क्या हुआ, तो बता दूं कि हमारा देश बना, संविधान बना, लोगों को अधिकार मिले। आपस में विचार अगल-अलग हो सकते हैं और लोकतंत्र में ऐसा होना भी चाहिए पर भाजपा सत्ता के नशे में विपक्ष का आवाज को ही दबाना चाहती है। हमें अपने विचार रखने के अधिकार संविधान नहीं दिए हैं।

# उत्तराखंड गवर्नर ने एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को किया सम्मानित

## बुधवार को निगमायुक्त विश्राम मीणा ने लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सत्यनिष्ठा की जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में टाइम्स पावर ब्रांड से सम्मानित किया गया। उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा एवं राजनीतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गाबा को अवॉर्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत



सिंह ने एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने के लिए भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता की बहुत जरूरत है। टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित विशेष सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों की विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को सम्मानित किया गया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को विशेष

**प्रसारित**

**फाउंडेशन द्वारा देशभर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है।**

सम्मान मिलने पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी खुशी व्यक्त की। नरेंद्र अरोड़ा ने मिले विशेष सम्मान को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की पूरी टीम को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया लगातार सात वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन द्वारा चैरिटी के प्रोजेक्ट भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण, स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जाती हैं एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं।

फाउंडेशन द्वारा देशभर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है।

# करनाल क्लब युवा विंग ने सर्दी से ठिठुरते अढ़ाई सौ परिवारों को वितरित किए कंबल

**पहल**

**अंजू धवन ने कहा कि युवाओं ने जो कदम उठाया है, उसका सभी सहयोग करने को तैयार हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल क्लब यूथ विंग द्वारा करनाल क्लब में सर्दी से ठिठुरते परिवारों को कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर लगभग अढ़ाई सौ जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का उद्घाटन लायंस क्लब के संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता ने किया। प्रमोद गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद परिवरों को सर्दी में कंबल वितरित कर नेक काम किया है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। समाजसेवी वनीत भाटिया ने कहा कि युवाओं ने जिस तरह का प्रकल्प लिया है, वह सरहाना के काबिल है। युवा पर्यावरण के साथ स्वास्थ्य और सेवा जैसे विषयों पर काम करेंगे। करनाल क्लब की महिला विंग की पदाधिकारी अंजू धवन ने कहा कि युवाओं ने जो कदम उठाया है, उसका सभी सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों की तरफ अग्रसर होना चाहिए। यूथ विंग के कोर्डिनेटर सुमित गुप्ता और साहिबा चौधरी ने कहा कि करनाल क्लब के सदस्यों के बच्चों ने मिलकर यूथ विंग का गठन किया है। पहले युवा करनाल से बाहर जाकर सेवा करते थे। अपनी जड़ों के साथ जुडने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया हैं। यूथ क्लब के माध्यम से करनाल के युवा आपस में मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जो संबंध करनाल क्लब के सदस्यों के बीच थे, वह संबंध अब अगली पीढ़ी तक जाएंगे। वह संयुक्त युवा मिलन के कार्यक्रमों के साथ सेवा, सहायता और समर्पण के कार्यक्रम करेंगे, जिसमें पर्यावरण सेहत और स्वच्छता के लिए जागरण कार्यक्रमों के साथ सेवा के प्रकल्प चलाएंगे।

# ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है ध्यानः दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी ने श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में प्रथम ध्यान दिवस के अवसर पर मौजूद योग साधकों को ध्यान साधना का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि ध्यान की अवस्था में पहुंचने के बाद ही मनुष्य का मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ध्यान मानव चेतना के विकास में एक विकासवादी प्रक्रिया है। योग और ध्यान एक दूसरे के पूरक है। ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है ध्यान। ध्यान की निरंतर साधना से ही आ ध्यात्म और समाधि की ओर अग्रसर हो सकते हैं। वहां उपस्थित लोगों ने इस साधना का भरपूर लाभ लिया। दिनेश गुलाटी ने साधकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने मानव जीवन में ईश्वर के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे पहले उन्होंने

**आध्यात्मिक**

**ध्यान की अवस्था में पहुंचने के बाद ही मनुष्य का मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव है।**


योग साधकों को विभिन्न क्रियाएं और आसनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि ध्यान मनुष्य और परमात्मा के संगम का सूत्रधार है। योग और ध्यान द्वारा सांसों के तार प्रभु से जुड़ जाते हैं और हर श्वास हमें आत्मचिंतन की ओर अग्रसर करती है।

उन्होंने कहा कि हर श्वास के तार प्रभु से जुड़े हैं। श्वास चल रहे हैं, इसका अभिप्राय है कि ईश्वर चेतना हमारे भीतर है और हर श्वास के साथ ध्यान और नाम सुमिरन करते हुए ईश्वर की भक्ति में खो जाए, तभी हम अपने जीवन को सफल कर सकते हैं।

# मिठाई की दुकान में चोरी, लोहे की फाली से तोड़ा ताला

**जांच जारी**

**चोर पीछे वाले गेट का ताला तोडकर दुकान के अंदर घुसा और औजार से दुकान के गल्ले को तोड़ दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में जीटी रोड पर एक चोर ने मिठाई की दुकान को निशाना बनाया। चोर पीछे वाले गेट का ताला तोडकर दुकान के अंदर घुसा और लोहे के किसी औजार से दुकान के गल्ले को तोड़ दिया। गल्ले में कोई मोटी रकम तो नहीं मिली, लेकिन करीब चार हजार के सिक्कों पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। मोटी रकम न मिलने पर चोर ने दुकान के अंदर पहले चाकलेट खाई और फिर एक गुलाब जामुन खाकर दुकान से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित दुकानदार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीती रात करीब दो बजे चोर ने रेलवे रोड चौक के कॉर्नर पर सबसे पहले पान की दुकान का ताला तोड़ा, लेकिन वह शटर खोलने में कामयाब नहीं हो सका। इसके बाद उसने साथ लगती रामजी हलवाई की दुकान को टारगेट किया। सीसीटीवी फुटेज में चोर ताला तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। मिठाई की दुकान में घुसने से पहले उसने लाल रंग की धारीदार चादर ओढ़ रखी है। जब वह मिठाई की दुकान में घुसा तो उसने चादर को बाहर तंदूर की भी पर ही रख दिया। वह पीले रंग की टी शर्ट और ग्रे रंग के पाजामे में दुकान में घुसा। दुकानदार सचित जुनेजा ने बताया कि चोर के हाथ में लोहे की फाली थी, जिससे उसने गल्ले को तोड़ा, लेकिन उसमें उसे कुछ नहीं मिला। गल्ले के दूसरी साइड में सिक्कों से भरी थैलियां दी, वह चोर के हाथ लग गई, जिसमें करीब चार हजार रुपए थे। चोर ने चाकलेट खाई और एक गुलाब जामुन भी खाया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में अज्ञात वाहन ने युवक की टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को लेकर मॉच्युरी हाउस करनाल भेज दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। हादसा सडक क्रॉस करते वक्त हुआ है। हादसा कोहंड जीटी रोड पर 18 दिसंबर की रात करीब 11 बजे हुआ था। जानकारी के अनुसार आईजीएल सीएनएस स्टेशन के पास साईं नर्सरी के सामने सडक पर एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे सीएनएस स्टेशन के इंजीनियर प्रदीप कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस को जानकारी दी। राहगीरों ने प्रदीप को बताया कि व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने सडक पार करते वक्त टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और सडक पर बेसुध पड़ा रहा। प्रदीप कुमार ने राहगीरों की मदद से पुलिस और एम्बुलेंस बुलाई। रात करीब एक बजे घायल को सरकारी एम्बुलेंस से घरौंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 8वें राष्ट्रीय सिद्ध दिवस पर लगाया चिकित्सा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (चेन्नई) के संयुक्त तत्वावधान राष्ट्रीय सिद्ध दिवस के अवसर पर दो दिन का चिकित्सा शिविर व जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रो. (वैद्य) करतार सिंह जी धीमान माननीय कुलपति महोदय द्वारा महार्षि अगस्त्य का पूजन करके व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने उपस्थित रोगियों व



चिकित्सालय कर्मचारियों को सिद्ध चिकित्सा पद्धति के प्रणेता महार्षि अगस्त्य जी के जीवन के विषय में संबोधित किया। चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# रिटायर्ड अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब का मनाया गया स्थापना दिवस

**आभार**

**ऐसी यात्रा का आगाज किया जाता है जो भविष्य की पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करती हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रिटायर्ड अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब का स्थापना दिवस नगर के एक निजी होटल में मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रधान रमेश बंसल ने कहा कि किसी भी संस्था का स्थापना दिवस मान्यता व कृतज्ञता का दिवस होता है। जिसमें संस्थापक सदस्यों की दूरदर्शिता व प्रयासों को स्वीकारता प्रदान की जाती है। इनके द्वारा ही चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में ऐसी यात्रा का आगाज किया जाता है जो भविष्य की पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि ठीक इसी संकल्प सिद्धि के लिए संस्थापक प्रधान बी.बी. जिंदल व महासचिव डी.के. गुप्ता की दूरगामी सोच के साथ 2 वर्ष पूर्व रिटायर्ड अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब कुरुक्षेत्र अस्तित्व में आया था। इन के सफल नेतृत्व को हम सभी नमन करते हैं। इस अवसर पर पवन कुमार गुप्ता व ब्रिज मोहन गुप्ता को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। महासचिव डी.के. गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि हमारा क्लब 2 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। बीते समय में क्लब की नियमित मासिक बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। क्लब स्तर व सदस्यों ने निजी स्तर पर विभिन्न सेवा संकल्पों जैसे स्थानीय मातृभूमि सेवा मिशन फतेहपुर अमीन के धर्म क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की पाठशाला में 12651 रुपए मूल्य के बर्तनों का दान, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, स्थानीय गौशाला में गोवंश के लिए सूखे चारे हेतु निरंतर आर्थिक मदद, जरूरतमंद परिवार के बच्चों के कान के ऑपरेशन हेतु आर्थिक मदद, स्थानीय ब्रह्मसरोवर पर साप्ताहिक आधार पर भोजन प्रसाद का वितरण, क्लब परिवार की मेधावी छात्राओं का सम्मान, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सर्दियों में रजाइयों का वितरण व जरूरतमंद विद्यार्थियों को विद्या सहायता आदि में सराहनीय भागीदारी रही है। इस मौके पर बैठक में सदस्य जे.पी. जैन, रामकुमार बंसल व पवन कुमार गुप्ता को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया गया। बैठक में महासचिव डी.के. गुप्ता ने जानकारी दी कि क्लब की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया है जिसमें वैश्य, पंजाबी व ब्राह्मण समाज के वंचित परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के संबंध परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान करने हेतु नीति बनाने का आग्रह किया गया। क्लब प्रधान रमेश बंसल की ओर से कार्यक्रम में पधारे मेहमानों व सदस्यों को आभार व्यक्त किया।

# श्री सुखमणी साहिब पाठ, कीर्तन और सांयकालीन फेरी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वाले जी की पावन स्मृति में 118वां विशाल भण्डारे के अंतर्गत प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री सुखमणी साहिब पाठ (21वां) तथा कीर्तन श्री सुखमणी साहिब सोसायटी (समस्त करनाल) द्वारा किया गया। कीर्तन बाबा गोला जी द्वारा किया गया। मुखी राजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बलविन्द्र सिंह, अन्य सदस्यगण द्वारा श्री सुखमणी साहिब पाठ की सेवा की गई। अरदास, भोगप्रसाद संगत को वितरित किया गया। संस्था की तरफ से गद्दीनशीन वैद्य देवेन्द्र



बतरा, दर्शना बतरा, डॉ. मानव बतरा, भारत भूषण अरोड़ा, सुभाष गुरेजा, यश बतरा,पं. चेतन देव शर्मा, रामलाल, प्रिंसीपल नीनू आहुजा, ललित सुखीजा, कर्ण, लक्षिता बतरा, समाया बतरा, साबिया बतरा, रूबीर बतरा, रिंकू शर्मा, अरूण मनोचा मुंबई, तरुण मनोचा दुबई, राजू अरोड़ा, सुरेन्द्र मजोका व कई सदस्यों को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया।

सांयकालीन फेरी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। पालकी को फूल और गुब्बारों से सजाया गया। बाबा जी की कुटिया से सभी भक्त कीर्तन करते हुए,

**सेवा**

**देवेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बलविन्द्र सिंह, अन्य सदस्यगण द्वारा श्री सुखमणी साहिब पाठ की सेवा की गई**

नाचते गाते हुए, ग्रामीण परिक्रमा करते हुए, महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यानन्द तीर्थ, स्वामी हरी ओम पाण्डे, स्वामी देवेन्द्रानन्द की अगुवाई में पालकी के साथ-साथ चले। नगर परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा पीर बाबा काले खाँ की मजार पर पहुंची। पूजा अर्चना करके सर्वप्रथम गुरुदेव देवेन्द्र बतरा, दर्शना बतरा, समाया बतरा ने झण्डा चढ़ाया, फिर सन्त महात्माओं ने झण्डा चढ़ाया। इसके बाद सभी साध संगत ने भजन कीर्तन किया। प्रशाद का भोग लगाकर वितरित किया गया। नगर परिक्रमा करते हुए भजन, कीर्तन करते हुए पालकी बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वाले जी की कुटिया में पहुंचे। सारी संगत ने माथा टेककर प्रसाद व आशीर्वाद प्रप्त किया। शोभा यात्रा में सैंकड़ों बच्चे छोटी-2 झंडियां लेकर साथ चल रहे थे। पीर बाबा की ज्योत और बाबा जी की जोत दोनों को मिलाकर लंगर घर में तंदूर में प्रविष्ट कराकर भण्डारा प्रशाद बनाने का शुभारंभ किया गया।

# खेतों में पड़ा मिला व्यक्ति का शव, टूटा था साइकिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के एक गांव के व्यक्ति का शव दूसरे गांव के पास खेतों में पड़ा मिला। वह सीवरमैन का काम करता था। यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि उसकी मौत कोई हादसा है या फिर उसकी हत्या की गई है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही चलेगा।

मृतक की पहचान बीबीपुर जाटान निवासी 42 वर्षीय छोटू राम उर्फ नरेश के रूप में हुई



है। उसका शव रंबा गांव के पास खेतों में बरामद हुआ है। परिजनों के मुताबिक वह 20 दिसंबर को सुबह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक भी घर नहीं लौटा। उसकी साइकिल भी पस में ही पड़ी मिली है, जो कि टूटी हुई थी।

मृतक के रिश्तेदार रामभज ने बताया कि छोटू राम पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। मृतक के पास 3 बच्चे हैं, जिसमें एक लडका है। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि जब सीधे मोर्चरी हाउस में ही पहुंचे हैं। पुलिस को शव खेतों में मिला था और साइकिल टूटा हुआ बताया जा रहा था। अब यह नहीं पता कि एक्सीडेंट हुआ है या कुछ और हुआ है। मामले की जांच होनी चाहिए है। रंबा पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप ने बताया कि खेतों में छोटूराम का शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया है।

# मकान बनाने के नाम पर रूपए ठगने के मामले में आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** मकान बनाने के नाम पर रुपए ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने ओम मिनी राज बिल्डिंग एण्ड कंसट्रक्शन सर्विस प्रा० लि० के प्रोपराइटर को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान जसबीर वासी मनोहर कॉलोनी पटेल नगर कैंप हिसार हाल आबाद तुगलकाबाद एक्सटेंशन गली नंबर 4 नई दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित मकान बनाने के नाम पर रुपए ले लेता था। आरोपित द्वारा पैसे लेकर कुछ मकानों की नींव, कुछ की डोर फ्रेम कुछ का डीपीसी वा कुछ का डोर फ्रेम तक काम किया था।



उसके बाद आरोपित द्वारा कोई काम नहीं किया गया था, आरोपित काम छोड़ देता था। आरोपित कोर्ट से इकरारनामा तैयार कर मकान बनाने के पैसे पहले ले लेता था। शिकायत में 13 लोगों ने आरोपित

**शिकंजा**

**आरोपित काम छोड़ देता था। आरोपित कोर्ट से इकरारनामा तैयार कर मकान बनाने के पैसे पहले ले लेता था**

के खिलाफ शिकायत दी थी। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

नरेन्द्र सिंह वासी सुन्दरह, अनिल कुमार वासी सुन्दरह, प्रदीप वासी चितलांग, औमप्रकाश वासी माण्डोला, पवन कुमार वासी सुन्दरह, जितेन्द्र वासी देवास, कृष्ण कुमार वासी देवास, पवन वासी देवास, सुरज वासी बालोद, जगदीश चन्द्र वासी गोच्छी बेरी झज्जर, विनोद कुमार वासी करनाल, सुधीर वासी गोमला व महेन्द्र वासी भोजावास ने धोखाधड़ी करके मकान बनाने के नाम पर ओम मिनी राज बिल्डिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन सर्विस प्रा० लि० के प्रोपराईटर जसबीर सिंह गोविन्द पूरी कालका जी दक्षिण दिल्ली के द्वारा पैसे ठगने के बारे में थाना शहर महेंद्रगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित द्वारा कुछ मकानों की नींव, कुछ की डोर फ्रेम कुछ का डीपीसी वा कुछ का डोर फ्रेम तक काम किया था। उसके बाद आरोपित द्वारा कोई काम नहीं किया गया था।

## संपादकीय

# श्रीनिवास रामानुजन : संख्याओं के जादूगर

**प्रतिवर्ष** 22 दिसम्बर को भारत में ह्यराष्ट्रीय गणित दिवसह्न मनाया जाता है, जो देश के महान्‌ गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में गणित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद कर उन्हें सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था। मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान्‌ कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्न हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश अधिकारी की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था रॉयल सोसायटी ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी।

# अंबेडकर: शोषित किसके लिए लड़ रहे हैं?



–प्रियंका सौरभ

"बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है। केवल पहचान की राजनीति से परे समान अवसर, शासन में समानता और अपनी आकांक्षाओं के लिए सम्मान चाहते हैं। उनका संघर्ष आकांक्षा और राष्ट्रीय समावेशिता के व्यापक विषयों को शामिल करता है। पहचान के संकट से नहीं जूझ रहे हैं; उनका संघर्ष सम्मान, मान्यता, अवसर और समानता पर केंद्रित है। अंबेडकर से लेकर कांशीराम, मायावती और रामविलास पासवान जैसे नेताओं तक, आंदोलन लचीलेपन और आकांक्षाओं की विरासत पर आधारित है"

**सरकार** ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके शोषितों की गरिमा पर जोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शोषितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में शोषितों का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य शोषितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है। बाबासाहेब अम्बेडकर की विरासत पर चल रहा राजनीतिक विवाद, इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे राजनेता, विशेष रूप से प्रमुख जातियों के, जाति-आधारित भेदभाव को सम्बोधित किए बिना इसका शोषण करते हैं। यह इस बात पर जोर देता है कि केवल पहचान के लिए नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और अवसरों के लिए लड़ते हैं और राष्ट्र के लिए अम्बेडकर के दृष्टिकोण पर जोर देते हैं। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अम्बेडकर के समर्थकों द्वारा "ईश्वर की गलत खोज" के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों ने आधुनिक भारत में जाति व्यवस्था की निरंतरता पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। इन टिप्पणियों ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या वे जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ दशकों से चल रही सक्रियता को कमजोर करती हैं। बी.आर. अम्बेडकर के विचार और दृष्टिकोण अत्यधिक प्रासंगिक बने हुए हैं, जो न केवल शोषितों के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अम्बेडकर के सिद्धांतों को चुनिंदा रूप से अपनाना और हाशिए पर पड़े समूहों से सम्बंधित मुद्दों पर अपर्याप्त ध्यान उनके मिशन के सार को कमजोर करता है। अम्बेडकर को देवता बनाने की प्रथा सामाजिक परिवर्तन और समुदाय को सशक्त बनाने में उनके अपार योगदान में निहित है। राजनेता, जिनमें से अधिकांश प्रमुख जातियों से हैं, जातिगत भेदभाव को सम्बोधित किए बिना अंबेडकर की विरासत पर बहस कर रहे हैं। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की पहल का विरोध किया, आरक्षण और मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया। पार्टी ने जातिगत वास्तविकताओं को सम्बोधित करने के बजाय शोषितों को एक गरीब वर्ग ("गरीब जनता") के रूप में माना। बजट आवंटन के बावजूद शोषितों को अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो 50-60 साल पहले की तरह ही है। अंबेडकर की विरासत पर संसद की बहस प्रमुख जाति के राजनेताओं के बीच जातिगत प्रवचन की सतहीता को उजागर करती है।

बुलंद बयानबाजी के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव प्रणालीगत बना हुआ है, जिसका सबूत शोषितों के खिलाफ हिंसा जैसी चल रही घटनाओं से मिलता है। शोषितों के मुद्दों को उठाने में इंडिया ब्लॉक की तीव्रता हाशिए पर पड़े समूहों के संघर्षों की वास्तविक समझ की कमी के विपरीत है।
सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके शोषितों की गरिमा पर जोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शोषितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में शोषितों का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य शोषितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है।
अंबेडकर के विचार शोषितों से परे हैं, जो सभी हाशिए पर पड़े समूहों के लिए भेदभाव और असमानता का समाधान प्रस्तुत करते हैं। ध्यान अस्तित्व से हटकर समान अवसर और शासन और प्रशासन में प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं पर केंद्रित हो गया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है। केवल पहचान की राजनीति से परे समान अवसर, शासन में समानता और अपनी आकांक्षाओं के लिए सम्मान चाहते हैं। उनका संघर्ष आकांक्षा और राष्ट्रीय समावेशिता के व्यापक विषयों को शामिल करता है। पहचान के संकट से नहीं जूझ रहे हैं; उनका संघर्ष सम्मान, मान्यता, अवसर और समानता पर केंद्रित है। अंबेडकर से लेकर कांशीराम, मायावती और रामविलास पासवान जैसे नेताओं तक, आंदोलन लचीलेपन और आकांक्षाओं की विरासत पर आधारित है। दशकों से तुष्टिकरण की राजनीति ने शोषितों को वंचित रखा है, कुछ लाभ प्रदान किए हैं जबकि समानता की उनकी आकांक्षाओं को दबा दिया है। अंबेडकर की विरासत पर बहस आधुनिक भारत में जातिगत भेदभाव की निरंतरता को रेखांकित करती है। जाति मानव समानता और सम्मान के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण विश्वासघात बनी हुई है, जो सच्ची सामाजिक प्रगति में बाधा डालती है। जाति-आधारित पूर्वाग्रहों को चुनौती देने और समुदायों में आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें। भेदभाव विरोधी कानूनों को लागू करें और जाति-आधारित हिंसा और असमानता के लिए कठोर दंड का प्रावधान करें। शोषितों और अन्य हाशिए के समूहों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों तक पहुँच का विस्तार करें।

सामूहिक गौरव को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर अंबेडकर जैसे नेताओं के योगदान को पहचानें और उनका सम्मान करें। शिकायतों को दूर करने और विश्वास बनाने के लिए समुदायों के बीच खुली चर्चा की सुविधा प्रदान करें। राजनीतिक नेताओं से विभाजनकारी बयानबाजी से बचने और सामाजिक न्याय के लिए नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करें।

समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए शासन, शिक्षा और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में शोषितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाएँ। हाशिए के समुदायों के भीतर समानता और सम्मान की वकालत करने वाली स्थानीय पहलों का समर्थन करें।



## कविता

### हां वह ईमानदार है।

हां सचमुच यह सच है,
कि वह ईमानदार है
यह भी सच है
वह गरीब और फटे हाल है,
आपदाओं से घिरा हुआ,
मुसिबतों का साथी,
आफत का शिकार
परेशानियां उसे छोड़ती नहीं,
पर वह परेशान नहीं,
मायूस भी नहीं, थका हुआ है,
पर हारा हुआ कतई नहीं,
हां पर सच है वह ईमानदार है,
आज के मायनों में नहीं
सत्य के मायनों में,
यह भी सच है कि
उसके तीन बच्चे हैं
एक बेरोजगार,
शादी की उम्र की सीमा
लांघ चुकी
एक अविवाहित पुत्री,
छोटा पुत्र पालिका स्कूल का विद्यार्थी
सब ईमानदारी के सताए हुए हैं,
पत्नी इलाज के अभाव में
संसार से चल बसी,
लौट कर ना आने के लिए
यह सच है कि वह ईमानदार है,
परेशान भी है फटे हाल भी है,
थका है पर हारा हुआ

संजीव

# आपराधिक चरित्र के महिमामंडन की कहानी फिल्म पुष्पा

नरेंद्र

**साहित्य** समाज का दर्पण है, यह साहित्य की सर्वमान्य परिभाषा है। साहित्य को पढ़कर उस दौर की सामाजिक सच्चाइयों को जाना जा सकता है। यहां बात वर्ष 2024 के अंत में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा द रूल याने पुष्पा भाग 2 की है, जिसने अपने शुरूवाती दो सप्ताह में कमाई का रिकार्ड बनाया है। फिल्म की प्रसिद्धि का पता सोशल मीडिया पर बहुतायत में चल रहे संदेश, रील और साथ ही फिल्म देखकर आने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से लगाया जा सकता है। हर कोई यह कहते नजर आ रहा है कि ह्यमैं झुकेगा नहीं साला ह्न साउथ फिल्म के अभिनेता अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल द्वारा अभिनीत फिल्म पुष्पा द राइज याने पुष्पा भाग एक वर्ष 2021 के दिसंबर में रिलीज हुई और भारत सहित विदेशों में भी धूम मचा दी थी। ऐसा ही हाल पुष्पा दो याने पुष्पा द रूल भी दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है। यानी पुष्पा के उदय भाग एक से पुष्पा द रूल हो जाने तक की कहानी भाग दो के माध्यम से फिल्म में दिखाई गई है।

फिल्म आंध्रप्रदेश की शेषचलम पहाड़ियों में होने वाली लाल चंदन की तस्करी पर आधारित है। फिल्म का नायक पुष्पा एक कुली है जो लाल चंदन के जंगल में काम करता है। जंगल कटाई में पारंगत होने ओर घने जंगल में जाने की निडरता के चलते पुष्पा लाल चंदन के तस्करों के साथ पार्टनर बनता है। अपने साहस और बेबाकी के चलते तस्करों के सिंडिकेट में शामिल होने में सफल हो जाता है। फिल्म के दूसरे भाग में वह सिंडिकेट का सरगना बन जाता है। कुलमिलाकर पुष्पा फिल्म के दोनों भाग लाल चंदन के तस्करों, नेताओं ओर पुलिस के गठजोड़ की आपराधिक कहानी है। फिल्म में धनबल, सत्ताबल और बाहुबल की गरिमा को स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

फिल्म पुष्पा की कहानी कितनी सच और कितनी काल्पनिक है। यह कहना तो मुश्किल है किंतु यदि फिल्म की स्टोरी को आधा सच भी मान लिया जाए तो यह कहा जा सकता है कि फिल्म से मिलती जुलती घटनाएं घटित हुई होगी। जिसे कहानी के लेखक ने आकार दिया होगा। आंध्रप्रदेश की शेषचलम पहाड़ियों पर चंदन के जंगलों की कटाई स्थानीय प्रशासन तंत्र की मिलीभगत से हुई होगी।

फिल्म मनोरंजन का सुलभ माध्यम है। उसमें सच्चाई के साथ काल्पनिकता का पुट भी डाला जाता है। यह सिर्फ पुष्पा फिल्म की बात नहीं है अमूमन भारतीय फिल्म जगत इस प्रकार की कहानियों से भरा पड़ा है। पुष्पा फिल्म देखकर लाल चंदन की तस्करी के अलगझ्रअलग तरीकों से तो अवगत हुआ जा सकता है। इस फिल्म में धनबल से सरकार का तख्ता पलट, तस्करी के सिंडिकेट से पुलिस और नेताओं की निकटता को भी देखा जा सकता है। फिल्म को महज मनोरंजन के तौर पर देखने पर फिल्म की सराहना की जा सकती है।

## विचार

# झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिकंजे में उपभोक्ता

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**ग्राहक** धोखाधड़ी ऐसी समस्या है जिसका जाने-अनजाने में हम नित्य शिकार होते है, लेकिन बहुत बार हम जानकर भी अनसुना करते है, या ज्यादा गंभीरता नहीं दर्शाते, परंतु इसका बहुत गहरा प्रभाव होता है और जानमाल का नुकसान होकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रणाली को आघात पहुँचता है। आम इंसान के रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली चीज वाहन का ईंधन है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत और मापन पर संदेह हमेशा आम जनता को परेशान करते हैं। अनेक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद वहां गाड़ी के टायरों में हवा भरवाते वक्त कर्मचारी हवा चेक करने के लिए पैसे लेते हैं, जबकि पेट्रोल की कीमत में कुछ सेवाएं मुफ्त दी जाती है, जैसे झ शौचालय का प्रयोग, पिने का पानी, टायरों में मुफ्त हवा, इंधन के गुणवत्ता और मात्रा की जांच, प्राथमिक चिकित्सा किट, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन कॉल। इन सेवाओं का चार्ज पेट्रोल विक्रेता के कमीशन में जोड़कर ही हमें पेट्रोल बेचा जाता हैं। यह सेवाएं पेट्रोल पंप पर मिलना अनिवार्य है अन्यथा ग्राहक सेवा में अवरोध निर्माण करने के लिए ऐसे पंपो के विरुद्ध शिकायत दर्ज की जा सकती है। भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा पारित किया गया था। तभी से 24 दिसंबर को "राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस" के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को सुरक्षा, सूचना, विकल्प, कहना, शिकायत व निवारण और उपभोक्ता अधिकार शिक्षा जैसे छह अधिकार मिले हैं। हम आधुनिक दुनिया के उस पड़ाव पर आ चुके है जहां हर ओर अंधाधुंद भागदौड, प्रतिस्पर्धा, टकराव नजर आता है। उत्पादों के केवल ऊपरी आवरण को खूबसूरत बनाकर बेचने का चलन चल पड़ा है। ग्राहक भी समय और पैसों की बचत की खातिर क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी को प्राथमिकता देता है, परंतु जो पैसे खर्च हो रहे है उस मुताबिक उत्पाद ग्राहक को मिल रहे है? आज के समय में मिलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पार्ट्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है। पहले ग्राहकों को सीमित साधनों में गुणवत्ता मिलती थी, अब मार्केट में उपलब्ध असीमित साधनों में से गुणवत्ता ढूंढने पर भी नजर नहीं आती।

देशभर में साइबर अपराध तो अभी अपने चरम पर है, रोजाना ढेरों केस देखने-सुनने को मिलते है, हमें एसएमएस द्वारा फेक वेबसाइट की लिंक भेजी जाती है, अनेक फेक कॉल, ईमेल आते है, व्हाट्सएप पर भी देश-विदेश के नये-नये नंबर से मैसेज आते है। हमारी डिजिटल गतिविधियों की जानकारी रिकॉर्ड होती है, इस डिजिटल युग में हमारी निजी जानकारी दुनियाभर में फैली है। आजकल डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं भी बहुत होने लगी है।

साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की संख्या वित्त वर्ष 2023 में 75,800 मामलों के साथ हानि की राशि 421.4 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2,054.6 करोड़ राशि हो गई। 2024 के पहले चार महीनों में, भारतीयों को साइबर अपराधियों के कारण 1,750 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 740,000 शिकायतें दर्ज की गईं। 76,000 फर्जी वेबसाइटों के जरिए 8 लाख से ज्यादा लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। नए तरीकों का इस्तेमाल करने वाले स्कैमर्स के कारण ऑनलाइन धोखाधड़ी बढ़ रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सिस्टम की सवारी, जनता की बेजारी

डॉ. सुरेश

**किसी ने सही क**हा है, "नेताओं का सबसे बड़ा काम यह है कि वे जनता की आँखें जनता के द्वारा फुड़वाते हैं।" और यह काम हमारे सच्चे नायक, श्रीमान रामानंद जी ने बखूबी किया। वह एक राजनेता नहीं, बल्कि एक 'मसीहा' थे। उनके पास हर समस्या का समाधान था–बस उसे किसी न किसी तरीके से 'घुमा-फिरा' कर पेश करना होता था। रामानंद जी का कार्यक्षेत्र बड़ा था, हालांकि यह कार्यक्षेत्र केवल उन्हीं के घर तक सीमित था। उनका बड़ा आदर्श वाक्य था, "हम जो कहें, वही सच है। और सच को समझने के लिए हमें हमेशा थोड़ी देर रुककर उसका पुनः मूल्यांकन करना चाहिए।" इस वाक्य को सुनकर तो लोग चकरा जाते थे, लेकिन इसका मतलब बहुत गहरा था, यह वही बानी थी, जिससे लोग उन्हीं को समझते थे, बिना समझे। एक दिन रामानंद जी अपने कार्यलय में व्यस्त थे। उनके पास कुछ बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे थे–मसलन, सड़क के गड्ढे भरवाने का निर्णय और नल के पानी को इतना साफ करने का ऐतिहासिक निर्णय, जिससे लोग उसका रंग देख सकें। इन मुद्दों के साथ वे एक बेहद अहम बैठक करने वाले थे।

पर एक अजीब घटना हुई, जो ना तो रामानंद जी की योजना का हिस्सा थी, और ना ही किसी के लिए सहज रूप से समझी जा सकती थी। दरअसल, रामानंद जी के पास एक फाइल आई थी, जो एक नई सड़क के निर्माण से संबंधित थी। सड़क की डिजाइन इतनी अद्भुत थी कि किसी को समझ में ही नहीं आ रहा था कि यह सड़क किसे जोड़ी जाए–क्या यह स्कूल के बच्चों के लिए थी, या फिर वो रास्ता था, जिस पर राजनेताओं के काफिले को तेजी से गुजरना था। जैसे ही फाइल पर एक नजर डाली, रामानंद जी ने कहा, "ये सड़क तो हमें खुद बनाने की जरूरत नहीं है, ये तो खुद बनाई जाएगी।" और फिर, जैसे ही बैठक खत्म हुई, एक नया फॉर्मूला सामने आया: "जनता के मुद्दे पर इतना विचार करने की कोई जरूरत नहीं, अगर उनके पास सड़क नहीं है, तो चलने का क्या फायदा।" इस महान विचार को सुनकर उनके सभी कर्मचारी भौंचक्के रह गए, लेकिन वे जानते थे कि यह एक गहरी राजनीति का हिस्सा था।

# क्या फिर होगा उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक

डॉ० आर.के. सिन्हा

**उस्ताद** जाकिर हुसैन के निधन से सारा देश और उनके सारे संसार में रहने वाले प्रशंसक उदास हैं। अभी कल ही तो अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सानफ्रांसिस्को शहर के एक कब्रिस्तान में उनके मृत शरीर को ह्लसुपुर्दे खाकह्व कर दिया गया ।भरे मन से विश्व भर के सैकड़ों प्रसंशक उस्ताद जाकिर को मिट्टी देने पहुँचे । उनके प्रशंसकों का तो यही कहना है कि उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह तो भविष्य ही बताएगा? परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में सबको याद आएंगी। ये युगलबंदियाँ वाकई कमाल की होती थीं।मैंने तो अपने युवावस्था में पड़ना के गर्दनीबाग मैदान में दशकों तक हर वर्ष दुगार्पूजा के अवसर पर इन महान कलाकारों के आयोजनकताओं में एक रहा हूँ और इनसभी के संघर्ष के दिनों को करीबी से देखा है । क्या उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा? यह कहना तो सही नहीं होगा कि उनके जैसा कोई और नहीं होगा। संगीत एक ऐसी चीज है जो हमेशा अपने ढंग से विकसित होती ही रहती है। हो सकता है कि भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक भी आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे।लेकिन ,अभी के लिए, यह कहना सही ही होगा कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक फिर से पैदा होना मुश्किल होगा । वे एक अद्वितीय और महान कलाकार थे।अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां वाकई में याद आएंगी। वह कमाल की होती थीं। इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में एक अद्भुत अनुभव होता था। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे, और उनकी लयकारी का कोई मुकाबला नहीं था। पंडित शिव कुमार शर्मा संतूर बजाते थे, जो एक मधुर और अद्वितीय वाद्य है। पंडित हरि प्रसाद चौरसिया बांसुरी के जादूगर है, और उनकी बांसुरी की धुनें मन को मोह लेती हैं। जब ये मंच पर आते, तो लय, ताल और मधुरता का एक अद्भुत संगम होता था। इन कलाकारों के बीच एक अद्भुत सामंजस्य भी था।

## न्यूज फ्लैश

### नशामुक्त होगा हरियाणा और मिलकर सारे जोर लगाना: डॉ. अशोक कुमार वर्मा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन किसी न किसी जिले में नशे के विरुद्ध जागरूक कार्यक्रम करते हैं। वे आज हरियाणा राज्य परिवहन करनाल में चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे थे। कार्यक्रम में 60 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य परिवहन करनाल से देवेंद्र कुमार और विनोद कुमार ने सहयोग किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और बताया कि कोई भी नशा मनुष्य के लिए अभिशाप है। प्रतिबंधित नशे पर कुठाराघात करते हुए कहा कि यदि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सरकार इनके लिए लाइसेंस देकर ठेके खोल देती। उन्होंने बताया कि ये नशे पहले तो बाहर से आते थे, लेकिन अब तो नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों द्वारा यहाँ भी निर्माण किया जा रहा है जो एक बहुत बड़ी चुनौती है। यद्यपि पुलिस और एनसीबी नशा मुक्त अभियान में बहुत ही अथक प्रयास कर रही है तथापि प्रत्येक व्यक्ति का जागरूक होना अति अनिवार्य है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन करते हुए बताया कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं निर्भीकता से दें। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

### प्रदेश के विकास में ओम प्रकाश चौटाला के योगदान को रखा जाएगा हमेशा याद : ललित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति और विकास में उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। भगवान उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। ललित बुटाना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा के लोगों की न केवल सेवा की बल्कि अपने जीवन को जनता के बीच समर्पित कर दिया। हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को नाम से पुकारना उनकी खास पहचान रही और इसी प्यार के कारण वह जाने जाते थे। उनमें जबरदस्त स्मरण शक्ति थी। उन्होंने हमेशा किसान मजदूर व कमेरों के हित की आवाज उठाई और उनके लिए कार्य किए। उनके निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का वाइब्रेंट इंडिया 2024 प्रोत्साहन भारतीय संस्कृति का मेला कार्यक्रम आज

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का वाइब्रेंट इंडिया 2024 प्रोत्साहन भारतीय संस्कृति का मेला कार्यक्रम आज रविवार को स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के निदेशक डॉ संजय जैन व अमित बत्रा ने दी । बत्रा ने बताया कि कार्यक्रम में आकर्षक प्रदर्शनों, प्रदर्शनियों और पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का जश्न मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए कई दिन से स्कूल के शिक्षक व छात्र जुटे हुए हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम में जरूर पहुंचे और अपने बच्चों का हौसला बढ़ाएं ।

# साइबर ठगों ने महिला के अकाउंट से उड़ाए करीब पांच लाख

## किसी भी ट्रांजेक्शन का नहीं मिला मैसेज, बैंक ने खड़े किए हाथ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में साइबर ठगों ने महिला के बैंक खाते से 4.95 लाख रुपए उड़ा लिए। महिला के मोबाइल पर न तो कोई ओटीपी आया है और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर उसने क्लिक किया था। उसका पति बैंक में चेक से पैसे निकलवाने पहुंचा तो उसे ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी मिली। बैंक से स्टेटमेंट निकलवाई तो फ्रॉड का खुलासा हुआ। महिला ने मामले की शिकायत साइबर पुलिस स्टेशन करनाल को की है। करनाल में सेक्टर 13 निवासी पूजा के खाते से पैसा एक साथ नहीं, बल्कि अलग-अलग दिनों में निकाला गया है। पूजा ने बताया कि उसके खाते से बीते पांच दिनों में 45-



45 हजार रुपए की ट्रांजेक्शन हुई है। दो बार 45-45 हजार रुपए खाते में भी आए हैं, लेकिन इन ट्रांजेक्शन का उसके पास कोई भी मैसेज नहीं जाता था और यह बीते एक माह से होता आ रहा है, जिसके बारे में उनको पता ही नहीं है। उसने बताया कि 20 दिसंबर की सुबह भी पैसे खाते से निकले हैं, लेकिन इस तरफ से किसी तरह का कोई मैसेज नहीं आया। हमें इसके बारे में भी तब पता चला, जब हम बैंक से पैसे निकलवाने के लिए पहुंचे और वहां पर चेक दिया तो बताया गया कि आप जितना अकाउंट निकलवाना चाहते हैं, आपके खाते में उतने पैसे नहीं हैं। जब हमने कम रकम निकलवाई तो उसका मैसेज फोन पर आया, जबकि एक महीने से हो रही ट्रांजेक्शन का कोई भी मैसेज हमारे पास नहीं आया। पूजा का कहना है कि जिस बैंक में हमारा खाता है वहां पर हमने शिकायत की और पूछा कि हमारे खाते से पैसे कटे कैसे? बैंक की तरफ से एक ही जवाब मिला कि आप साइबर क्राइम थाना को कंप्लेंट कीजिए।

**शिकायत**

बैंक से स्टेटमेंट निकलवाई तो फ्रॉड का खुलासा हुआ। शिकायत साइबर पुलिस स्टेशन करनाल को की है

### डुप्लीकेट कागजातों से दूसरे के नाम रजिस्ट्रेशन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल के एसडीएम ऑफिस में गाड़ी के डुप्लीकेट कागजात देकर दूसरे के नाम गाड़ी करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शामगढ़ वासी राजीव कुमार ने शिकायत दी कि उसकी 2020 मॉडल इमेज गाड़ी का पुराना रजिस्ट्रेशन दिल्ली का है। यह गाड़ी उसने गौरव से वर्ष 2021 में खरीदी थी, जो उस समय उससे नहीं ली थी। इसके बाद उसने एसडीएम अथॉरिटी करनाल से उपरोक्त गाड़ी की नंबर फीस जमा करवाकर उसका नंबर चेंज करने के लिए अप्लाई किया था। इसके बाद उसे रजिस्ट्रेशन नंबर मिला था। गाड़ी की असल आरसी एसडीएम कार्यालय करनाल में ही जमा थी। उसे पुराना नंबर प्लेट जमा करवाकर नए नंबर की प्लेट व आरसी मिलनी थी। लेकिन गौरव ने उसे न तो कभी गाड़ी वापस की और न ही गाड़ी की पेमेंट दी। न ही गाड़ी के बारे में कुछ बताया। काफी खींचतान के बाद जब गौरव ने उसे कोई रास्ता नहीं दिया तो उसने उस बारे में गौरव के खिलाफ पुलिस में शिकायत की। उसकी शिकायत पर पुलिस ने 12 दिसंबर 2022 को केस दर्ज किया था। 22 अक्टूबर 2024 को अचानक वाहन पोर्टल से जानकारी मिली कि उसकी उपरोक्त इमेज गाड़ी नंबर की एसडीएम कार्यालय करनाल से एनओसी जारी हो गई है और किसी अज्ञात व्यक्ति को जून 2024 में उसकी उक्त गाड़ी की असल आरसी भी दे दी गई है, जबकि नियमानुसार गाड़ी की आरसी असल मालिक को डिस्पैच की जाती है। 23 अक्टूबर 2024 को वह एसडीएम कार्यालय करनाल में पहुंचा और एसडीएम को शिकायत के माध्यम से इस गाड़ी से संबंधित फर्जीवाड़े के बारे में अवगत कराया।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी आज विधायक को सौंपेंगे ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** एआईयूटीयूसी से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से रविवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विधायक कंवर सिंह यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इससे पहले ग्रामीण सफाई कर्मचारी यादव धर्मशाला में बैठक आयोजित करेंगे। जिला प्रधान पवन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 1 जुलाई 2024 से 16000 वेतन लागू करने की थी। लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा को अभी तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम नवंबर 2023 से लंबित कर्मचारियों का वेतन, ड्यूटी के दौरान मौत हुई कर्मचारियों भत्ता देने, ईएसआई व पीएफ योजना को सही ढंग से लागू करने की मांग की जाएगी।

## ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह 25 को

टीम एक्शन डिंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**भारत** के पूर्व राष्ट्रपति स्व. श्री ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर दिल्ली राजघाट पर विराट विश्वकर्मा श्रद्धांजलि महासम्मेलन का आयोजन 25 दिसंबर को प्रातः 11 बजे किया जा रहा है। कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू आज पानीपत पहुंचे। उन्होंने यहां परशुराम कॉलोनी स्थित राजकुमार पांचाल माजरी के निवास पर विश्वकर्मा समाज के लोगों की बैठक में दिल्ली पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन में देश के अनेकों विश्वकर्मा संगठनों के सदस्य भाग लेंगे और ज्ञानी जैल सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज को को



संगठित करने का अभियान उन्होंने देशभर में चला रखा है। जिसमें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज आज अपनी मेहनत के बल पर आगे बढ़ रहा है। जिसे राजनीतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वहीं विश्वकर्मा समाज का एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन भी तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वह भारी संख्या में विराट विश्वकर्मा श्रद्धांजलि महासम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इंद्रजीत सिंह बब्बू के पानीपत आगमन पर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालों में आयोजक राजकुमार पांचाल माजरी, विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम कुमार पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान रघुवीर धीमान, पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल, विश्वकर्मा समाज के चेयरमैन विनोद पांचाल, संस्थापक सतपाल पांचाल,रतन पांचाल, सोमपाल पांचाल फोरमैन, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, सुरेश पांचाल, टीवी कलाकार मनोज पांचाल, पूर्व प्रधान भूपेंद्र पांचाल, नीरज पांचाल,मोहन लाल पत्रकार, रमेश पांचाल, डा.इन्द्रपाल पांचाल, जितेंद्र कड़ेला, नितिन, हिमांशु, विशाल, शिवम आदि शामिल रहे।

**निमंत्रण**

कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू आज पानीपत पहुंचे

### महिला बच्चे समेत लापता, किराए के मकान में रह रहे थे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के अलग-अलग इलाकों में दो महिलाओं और एक बच्चे के लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं। थाना सदर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और 2 साल के बच्चे के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है, जबकि सेक्टर 32-33 थाने में एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला दर्ज हुआ है। दोनों मामलों में परिजनों ने गहरी चिंता जताई है और पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सदर थाना के एक गांव में रहने वाले प्रवासी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यूपी के सहारनपुर का रहने वाला है और सदर थाना के गांव में रहता है। वह हलवाई का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले एक महीने से अपनी पत्नी और 2 साल के बेटे के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। 14 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे उनके काम पर जाने के बाद उनकी 23 वर्षीय पत्नी और बेटा अचानक गायब हो गए।

पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। करनाल की एक कालोनी की महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 17 दिसंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने उसे हर संभव स्थान पर तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

## पुलिस के डंडों से पूर्व पंच की पिटाई, पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने पुलिस के डंडे छीनकर पूर्व पंचायत मेंबर पर हमला कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे। पूर्व पंच का आरोप है कि चौकी के पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से ही उसके साथ मारपीट की गई है। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। गांव सालवन निवासी पूर्व पंचायत मेंबर वेदप्रकाश ने बताया कि उनका आरोपियों के साथ जमीनी विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। 18 दिसंबर को वह अपनी गेहूं की फसल देखने गए थे। लौटते समय गोस्वामी डेरे के पास कुछ व्यक्ति हथियार लहराते हुए उन्हें गालियां देने लगे। अपनी जान बचाने के लिए वेदप्रकाश ने मोटरसाइकिल मोड़कर दूसरे रास्ते से घर पहुंचने की कोशिश की। घटना के बाद जब वेदप्रकाश अपने परिवार के साथ सालवन चौकी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे तो वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। उसने बताया कि उसने



चौकी इंचार्ज को कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद डायल 112 को कॉल किया और इसके साथ ही एसपी करनाल को भी पूरी घटना की जानकारी दी। वेदप्रकाश ने बताया कि करनाल एसपी ने उसको पुलिस चौकी सालवन में जाने के लिए कहा। उसका आरोप है कि जब वह चौकी पहुंचे तो हवलदार सलीम ने उनकी बात सुनने की बजाय उसे डांटना शुरू कर दिया। कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई एसपी को फोन करने की अब तू हमें हमारा काम सिखाएगा? इसके बाद भी शिकायतकर्ता ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हवलदार सलीम ने शिकायतकर्ता को घटनास्थल पर चलने को कहा। वेदप्रकाश ने अकेले जाने से मना किया, जिसके बाद पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता को साथ लेकर पहुंचे। घटनास्थल पर आरोपी हथियारों से लैस थे। इसी बीच डायल 112 की गाड़ी भी वहां पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के हाथ से जेली, गंडासी और लाठी-डंडे तो जब्त कर लिए, लेकिन देसी कट्टा बरामद नहीं किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पुलिस के डंडे छीन लिए और उसको बुरी तरह पीटने लगे। मारपीट में उसके हाथ, पैर, कमर, छाती और मुंह पर गंभीर चोटें आईं।

## जयराम पब्लिक स्कूल में लगाया गया ध्यान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग कुरुक्षेत्र के द्वारा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल, न्यू सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, स्कूल स्टाफ और न्यू सैनिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने



भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से आए अक्षय मित्तल, सुरेश और डेजी ने विद्यार्थियों को मेडिटेशन के महत्व और उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि विद्यार्थी जीवन से ही ध्यान क्रिया प्रारंभ की जाए तो मन को एकाग्र और शांत चित्त रखने में मदद मिलती है। जीवन में सफलता निश्चित ही प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथि गणों, स्कूल प्राचार्या और स्टाफ मेंबर ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### अक्स यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल खूबडू रोड, शेखपुरा का वार्षिक उत्सव समारोह" अक्स मंगलवार 24 दिसंबर को यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा । यह जानकारी स्कूल के निदेशक अजय यादव व प्रधानाचार्य निधि जैन ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र महिला सशक्तिकरण, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, एक बच्चे की यात्रा, जल संरक्षण, खेल की घटनाएं आदि होंगे निदेशक अजय यादव ने स्कूल के अभिभावकों से अपील की है कि वह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंच कर अपने बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को देखें ।

## भारतीय संस्कृति का पूरा विश्व सम्मान करता है : महंत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने शनिवार के सत्संग में श्रद्धालुओं से कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष का सम्मान कर रहा है। पूरे विश्व में सनातन के साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सर्वकल्याण के लिए ही वे धर्म प्रचार एवं सनातन प्रचार का अभियान चला रहे हैं। विदेश में जाकर देखा है कि सनातन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति वहां के लोगों की आस्था है। आज भी आधुनिकता एवं पाश्चात्य सभ्यता के दबाव में भी सच्चा भारतीय देश का विकास एवं कल्याण चाहता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि हमारे



भारत देश में आरंभ से ही गौ माता की पूजा की जाती है। धार्मिक कार्यों में किसी भी आध्यात्मिक अनुष्ठान में गौ माता का दूध प्रयोग किया जाता है। बच्चों के लिए उपयोगी बताया जाता है। हमारे देश में गौ माता हमारी भारतीय देशी नस्ल की गाय गिर, राखी, साहीवाल, हरियाणा नस्ल गाय होती थी, जो कि आज भी 20 से 30 लीटर उपयोगी निरोगी दूध देती है।

महंत राजेंद्र पुरी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, सुंदर सिंह, निहाल सिंह, शकुंतला, देविका, मनीषा, अजय, विजय राठी एवं मनप्रीत सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

**सनातन प्रचार**

सर्वकल्याण के लिए ही वे धर्म प्रचार एवं सनातन प्रचार का अभियान चला रहे हैं।

## मुरथल पुलिस व टोल कर्मी ने पैसों भरा बैग वापस देकर दिखाई ईमानदारी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** भिगान टोल प्लाजा पर गिरे रूपयों व कागजातों से भरा बैग शनिवार को टोल कर्मी ने मुरथल पुलिस के माध्यम से उसके मालिक को लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की। रुपए व सभी कागजात सुरक्षित पाकर बैग मालिक काफी खुश हुए और उन्होंने टोल कर्मी व मुरथल पुलिस का आभार जताया। जानकारी अनुसार टोल कर्मी सूरज टोल पर ड्यूटी दे रहे थे। इस दौरान उनकी नजर सड़क पर पड़े एक बैग पर पड़ी। बैग में करीब 1 लाख 65 हजार रुपये व जरूरी कागजात थे। वह बैग टोल कर्मी सूरज के हाथ में आया तो उन्होंने इसकी सूचना मुरथल थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा को दे कर बैग उन्हें सौंप दिया। इससे पहले सूरज ने बैग में रखे कागजात छाने तो उसके



मालिक प्रदीप सिंगला का फोन नंबर मिला। उन्होंने प्रदीप सिंगला को फोन पर बैग के बारे में जानकारी दी और उन्हें मुरथल थाना में बुला लिया। इसके बाद मुरथल थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा व टोल कर्मी सूरज ने प्रदीप सिंगला को बैग लौटा दिया। बैग में रखे रुपये व कागजात सुरक्षित पाकर उन्होंने राहत की सांस ली और मुरथल थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा व टोल कर्मी सूरज के ईमानदारी की प्रशंसा की।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डा. प्रमोद ने बच्चों के दांतों की जांच की और आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा, रेफरल और सफाई से संबंधित निर्देश दिए। साथ ही, बच्चों को टूथब्रश और टूथपेस्ट वितरित किए गए और स्वस्थ दांतों के महत्व पर जागरूक किया गया। शिविर में बच्चों को बताया गया कि दांतों की सफाई और देखभाल न केवल उनके दंत स्वास्थ्य बल्कि संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

## खरैती लाल ने ओम प्रकाश चौटाला के साथ बिताए वक्त को याद किया

**अच्छा खासा**

सिंगला ने हरियाणा के पूर्व ओम प्रकाश चौटाला के साथ अच्छा खासा समय बिताया है

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** नगर की विभिन्न धार्मिक एवं समाजसेवी से जुड़े खरैती लाल सिंगला ने हरियाणा के पूर्व ओम प्रकाश चौटाला के साथ अच्छा खासा समय बिताया है।



सिंगला ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चौटाला धरती से जुड़े नेता थे। वे अपने कार्यकर्ताओं तथा आमजन के साथ बहुत प्यार करते थे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी चौटाला की देन है। चौटाला आमजन की समस्याओं का सीधे समाधान करते थे।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सदर** थाना सोनीपत पुलिस ने राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरपाल निवासी भटगांव सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव निरथान के निवासी राजेश ने एक दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह हाल में गांव का सरपंच है। रात करीब तीन बजे उसके पास फोन आया कि कुछ लड़के गांव के स्कूल में पक्षियों को शिकार कर रहे है। वह सूचना के बाद मौके पर पहुंचा। जहां स्कूल के अंदर तीन-चार लड़के बरगद के पेड़ पर बैटरी से लाइट मार रहे थे। उसी दौरान दो गोलियां चलने की आवाज आई। जिसके बाद पेड़ से मोर नीचे गिर गया। पक्षियों का शिकार कर रहे लड़कों को पकड़ने का प्रयास किया। जिसमें दो-तीन लड़के पेड़ से गिर मोर को उठाकर फरार हो गए। किसी तरह उन्होंने एक शिकारी को पकड़ लिया। जिसकी पहचान श्रीओम निवासी भटगांव मालायाण के रूप में हुई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने आरोपित को काबू कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक हरिप्रकाश की टीम ने वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लोक निर्माण विभाग की दुकान व गोदाम की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डबल स्टोरी स्थित फ्लाईओवर के नीचे कब्जा मुक्त कराई लोक निर्माण विभाग की दुकान व गोदाम की भूमि पर फिर से कब्जा करने का मामला सामने आया है। विभाग ने करीब दो माह पहले कब्जा हटवाया था। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश ने पुलिस को बताया कि राजेंद्र नगर निवासी चांद राम ने 4 वर्ष से लोक निर्माण विभाग की दुकान व गोदाम पर कब्जा कर रखा था। जिसे 22 अक्टूबर को हटाया गया था। इससे पहले वर्ष 2023 में भी कब्जा हटवाया गया था, लेकिन कब्जाधारी से दुकान में फिर से कब्जा कर लिया था। इसके बाद विभाग ने कब्जाधारी को 14 अगस्त को अंतिम नोटिस भी जारी किया था, लेकिन कब्जा नहीं हटा तो विभाग की टीम व पुलिस के साथ 22 अक्टूबर को कब्जाधारी का सामान बाहर निकाल दिया था। 28 नवंबर को जब उनकी टीम ने निरीक्षण किया तो भूमि पर फिर से कब्जा किए जाने की जानकारी मिली। चांद व उसके सहयोगी अवैध रूप से वहां काम कर रहे थे। साबा ही विभाग की इमारत की करीब 10 हजार ईंट भी गायब मिली। जिस पर मामले की शिकायत पर पुलिस को अवगत कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### घर से सामान चोरी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने घर से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू निवासी टिकापुर कैलाली नेपाल हाल में सेक्टर-15 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# समस्याओं के समाधान में डाटा साइंस की अहम भूमिका: सोमनाथ

## वैश्विक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके

**शोधात्मक**

▶▶ समस्या के सही समाधान के लिए डाटा को सही रूप में शोधात्मक दृष्टि से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वैश्विक समस्याओं के समाधान में डाटा साइंस की अहम भूमिका है। सांख्यिकी डाटा भविष्य का ईंधन है और समस्या के सही समाधान के लिए डाटा को सही रूप में शोधात्मक दृष्टि से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है ताकि वैश्विक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में सांख्यिकी विभाग द्वारा इनोवेटिव ट्रेंड इन स्टैटिसटिक्स, ऑप्टिमाइजेशन एंड डाटा साइंस विषय पर 21 से 23 दिसंबर तक सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित तथा केयूके, एनबीएचएम, एएनआरएफ (भारत सरकार), आरबीआई, डीआरडीओ, डीआईएचई (हरियाणा) और एलएआरएस द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया व अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की स्मारिका का विमोचन किया गया।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं, वित्त, व्यापार, विज्ञान, सुशासन कार्यो, पर्यावरण, विभिन्न तकनीकी सर्वेक्षणों में सांख्यिकी व डाटा साइंस का महत्वपूर्ण योगदान है। बड़े-बड़े शहरों में ट्रैफिक जाम की व्यवस्था तथा पर्यावरण प्रदूषण सम्बन्धित समस्याओं को डाटा साइंस के माध्यम से सर्वेक्षण कर समाधान किया जा सकता है। कोरोना काल में डाटा साइंस के माध्यम से आरोग्य सेतु एप द्वारा इंफेक्शन दर तथा हॉट स्पॉट को चिन्हित कर वैश्विक महामारी का सामना किया गया। उन्होंने कहा कि यह कांफ्रेस सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दूरियों को कम कर वैश्विक परिदृश्य के सापेक्ष में अपनी सार्थकता सिद्ध करने में सफल होगी। इसके साथ ही उन्होंने कुवि द्वारा शोध के क्षेत्र में शिक्षकों को अवार्ड देने, पेटेंट के लिए इको सिस्टम बनाने व 19 ऑनलाइन प्रोग्राम्स द्वारा एआई, साइबर सिक्योरिटी, डाटा एनालिसिज, क्लाउड कम्प्यूटिंग आदि के बारे में अहम जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने केयू के सांख्यिकी विभाग द्वारा पीजी प्रोग्राम के अंतर्गत डाटा एनालिटिक्स को लेकर नए प्रोग्राम शुरू करने का आह्वान किया।जापान के प्रो. कुनिओ शिमिजु (जापान) ने भारत और जापान के बीच गहरे संबंध स्थापित करने के लिए इस प्रकार की कांफ्रेंस का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने भावी शिक्षकों को डाटा साइंस में नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कांफ्रेंस वैश्विक स्तर पर नए आयाम स्थापित करती हैं। वेस्टर्न नॉर्वे यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, हाउगेसुंड के प्रो. अजीत के. वर्मा ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य को बदलने के लिए प्रौद्योगिकी और क्रांति की अहम् भूमिका है।

# गाड़ी चालक से मारपीट करने व गाड़ी तोड़ने का आरोप

**मारपीट**

▶▶ मारपीट में घायल हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर कार चालक को पीटकर घायल करने व उसकी गाड़ी को तोड़फोड़ करने के आरोप का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव गढ़ी ब्रह्मण निवासी सौरभ मान ने बताया कि उसका गत 18 दिसंबर को सांदल कलां निवासी निक्कू के साथ झगड़ा हो गया था। उसके अगले दिन वह अपने दोस्त रोहित के साथ गोहाना रोड सिटी सेंटर के पास मौजूद था। उसी दौरान निक्कू अपनी कार में अपने दोस्त सुंडा व अन्य साथियों के साथ पहुंचा। उसकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। उसने अपनी गाड़ी को भगा लिया। उसका पीछा करके गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास किया। उसके बाद दिल्ली वाले पूल की तरफ उसे गाड़ी को चढ़ा दिया। निक्कू ने अपनी गाड़ी को स्पीड से लाकर उसके आगे अड़ा दिया। उससे बचने के लिए उसने अपनी गाड़ी को मोड़ा तो उसकी गाड़ी का अगला पहिया टकराकर टूट गया। उसके बाद कार में सवार निक्कू व उसके साथ उतरकर आए। उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया। उसकी गाड़ी को फरसे व डंडों से तोड़ दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। राहगीरों की मदद से वह उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। उसके बाद मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सिगरेट कंपनी की लेबर ने ट्रक चालक को चोरी करके लाखों कीमत की सिगरेट दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में कंपनी से चोरी की लाखों रुपये कीमत की सिगरेट के बेचने का मामला सामने आया है। कंपनी के कर्मचारियों ने आरोपित ट्रक चालक को काबू कर लिया। चालक ने सिगरेट देने का आरोप कंपनी में तैनात लेबर पर लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दयालपुर दिल्ली निवासी परमेंद्र ने बताया कि वह आईटीसी कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर तैनात है। उनके कर्मचारी ने गांव जाखौली में एक दुकान पर ट्रक चालक को चोरी की सिगरेट बेचते हुए पाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त सिगरेट को लेबर का काम करने वाले चंद्र भूषण ने चोरी करके दी है। जांच में पाया गया कि कंपनी के गोदाम से 50 आउटर चोरी मिले। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही एसीपी निधि नैन ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# विश्व ध्यान दिवस- तनावमुक्त और संतुलित जीवन की कुंजी है ध्यान

**मेडिटेशन**

▶▶ वैश्विक स्तर पर मेडिटेशन के महत्व को पहचानना और इसे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सयुंक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस' के रूप में घोषित किया है, जो मानवता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर मेडिटेशन के महत्व को पहचानना और इसे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। ब्रह्मा कुमारीज 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट सेवाकेंद्र में भी आज प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा ध्यान, जिसे मेडिटेशन भी कहा जाता है, मन और आत्मा को शांत करने की एक प्राचीन विधि है। यह मानसिक, शारीरिक और आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक साधन है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग ध्यानाभ्यास से आत्मा का सशक्तिकरण होता है। यह मन को शांति प्रदान करता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और व्यक्ति को आंतरिक शुद्धता प्राप्त करने में सहायता करता है। इसके नियमित अभ्यास से नकारात्मक भावनाओं से मुक्ति, सकारात्मक दृष्टिकोण और मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है। जब मेडिटेशन के माध्यम से हम अंतर्मुख होंगे, तो स्वयं को शांतस्वरूप, प्रकाशवान, तेजस्वी, ऊर्जावान, दिव्य स्वरूप और आत्पस्वरूप में स्थित कर पाएंगे। राजयोग मेडिटेशन में हम स्वयं और परमात्मा को सत्व स्वरूप में जानने का प्रयास करते हैं, जो हमें आत्म-पहचान और आत्म-बोध के मार्ग पर ले जाता है। राजयोग मेडिटेशन न केवल स्वय? का सत्य परिचय कराता है, बल्कि मन को परमपिता परमात्मा से जोड़ता है। यह परमात्मा से दिव्य शक्ति और प्रेरणाएँ प्राप्त करने का माध्यम है। परमात्मा की याद में कर्म करने से कर्म भी श्रेष्ठ बनते है। राजयोग मेडिटेशन मन की मलिनता को दूर करता है। यह एकाग्रता बढ़ाने, मनोबल को मजबूत करने और जीवन को व्यसनों एवं आपराधिक प्रवृत्तियों से मुक्त करने में सहायक है।

# कैंट में भगवान परशुराम सेवा समिति की मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**विचार विमर्श**

▶▶ सुबह 11 बजे भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान में तुलसी पूजन मनाने पर विचार विमर्श किया

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैन्ट की मीटिंग अम्बाला कैन्ट के रेस्टोरेंट में हुई जिसमें समिति द्वारा 25 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान में तुलसी पूजन मनाने पर विचार विमर्श किया गया।

समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति समय समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम करती रहती है उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को सभी देशवासियों को अपने घरों में तुलसी की पूजा की जानी चाहिए इससे हमारे बच्चो में संस्कार बढेगे ।

समिति के संरक्षक राजिंदर कौशिक ने बताया कि 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन पर समिति के सभी सदस्य अपने परिवार सहित आए इससे समाज में एकजुटता नजर आएगी और सभी संस्थाओं के सदस्य भी आएगे। समिति के खजांची शशिकांत पराशर ने बताया कि भगवान परशुराम मंदिर के सामने धर्मशाला की जगह पर भी काम चल रहा है उस पर विचार विमर्श किया गया उस जगह पर धर्मशाला का निर्माण करवाया जाएगा। इस मीटिंग में सुरिंदर राजू शर्मा, राजेश गोल्डी शर्मा, तरशेम शर्मा, राजीव शर्मा, सतीश शर्मा,अतुल शर्मा, राजिंदर कौशिक,सुरेश कौशिक,सोहन शर्मा,देव नारायण तिवारी,डॉ राकेश भारद्वाज, नरेश मोदगिल, शशिकांत पराशर,ओर अन्य सदस्य रहे

# कैंटर चालक के सिर में पिस्तौल अड़ाकर हजारों की राशि लूटी

**शिकायत दी**

▶▶ बदमाश चाय वाले के साथ झगड़ा करने लगे। उसके बाद उसका मोबाइल फोन गाड़ी में फेंककर फरार हो गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में केएमपी पूल के पास चाय की दुकान पर कैंटर चालक के सिर में पिस्तौल अड़ाकर हजारों रुपये राशि व मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सिकंदरपुर उत्तर प्रदेश हाल में नांगलोई दिल्ली निवासी अजय ने बताया कि वह कैंटर चालक है। शुक्रवार को वह डेढ़ बजे अपनी गाड़ी दिल्ली से खाली करके केएमपी पुल के पास पहुंचा। जहां उसने अपनी गाड़ी को चाय की दुकान के पास लगा दी। उसके बाद वह कुर्सी पर बैठकर चाय पीने लगा। उसी दौरान स्कूटी पर सवार तीन लड़के पहुंचे। एक के हाथ में पिस्तौल था। उसके सिर पर अड़ाकर मोबाइल फोन छीन लिया। उसके मोबाइल कवर में 1200 रुपये की राशि थी। जिसे युवकों ने निकाल लिया। उससे मोबाइल का पासवर्ड पूछने लगे। नहीं बताने पर गोली मारने की धमकी दी। डर के चलते उसने शोर मचाया। उसके बाद गाड़ी की तरफ भाग लिया। बदमाश चाय वाले के साथ झगड़ा करने लगे। उसके बाद उसका मोबाइल फोन गाड़ी में फेंककर फरार हो गए। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल का सूचना दी। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया।

# खाना खाने रुके दोस्तों पर दरात व फरसे से हमला

**गन्नौर:** सोनीपत-गन्नौर रोड स्थित शराब के ठेके के पास खाने के लिए रुके दोस्तों के साथ कुछ लड़कों ने मारपीट कर दी। आरोपितों ने दरात व फरसे से भी वार किया और मौके से फरार हो गए। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव मोई माजरी निवासी दिनेश ने बताया कि वह 16 दिसंबर को अपने दोस्त अजय, विजय, साहिल व विशाल के साथ किसी काम से गन्नौर आया था। वह सोनीपत रोड स्थित शराब के ठेके के पास बैठ कर कुछ खाने के लिए रुक गए। इस दौरान अजय के दोस्त सचिन व अंकित उनके पास आये और मारपीट करने लगे।

# पुलिस अधीक्षक ने राइडर पीसीआर का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**भावना**

▶▶ किसी भी घटना पर तुरंत पांच मिनट के अन्दर घटना स्थल पर पहुंचकर उचित सुरक्षा प्रबंध करें

**कुरुक्षेत्र :**जिला पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने शुक्रवार को पुलिस लाईन कुरूक्षेत्र में सभी राइडर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी बताया। इस दौरान ट्रेफिक थाना व सभी राइडर्स के पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी राइडर्स पर तैनात पुलिस कर्मचारी अपने-अपने एरिया में 24 घंटे ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से ड्यूटी करें और आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। सभी बैंक एटीएम पर लगातार गश्त करें। सभी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कैश वैन की सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएं। किसी भी घटना पर तुरंत पांच मिनट के अन्दर घटना स्थल पर पहुंचकर उचित सुरक्षा प्रबंध करें। गश्त करते समय बाजार में रात को पुलिस सायरन, हूटर का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़कों के दोनों ओर वाहनों को खड़ा ना करने बारे आमजन को समझाया जाए व नहीं मानने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आटो चालकों को समझाएं कि वह सवारियों को बीच सड़क पर उतारने की बजाए लेफ्ट साइड में ही उतारें। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर आटो चालकों पर विशेष निगरानी की जाएं। आम नागरिकों, बुजुर्ग व महिलाओं के साथ मधुर व अच्छा व्यवहार किया जाए। एसपी ने कहा कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक करें और बताएं कि ये व्यवस्था आपके लिए ही है। इसमें ट्रेफिक पुलिस का सहयोग करें और सदैव आमजन की सहायता के लिए तत्पर रहें । इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से करें और अपराधों पर नियंत्रण बनाए रखें।

# नागरिक अस्पताल में कायाकल्प की टीम ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

▶▶ वार्ड में तैनात नर्सिंग अधिकारी को नहीं निडल इंजरी में क्या करे उपाय

▶▶ प्रसूति विभाग में तैनात महिला कर्मचारी ने लूटी वाह-वाही, टीम के सदस्य के सवालों के दिए ठीक से उत्तर

▶▶ सफाई कर्मचारी को पोंछा तक मारने की नहीं जानकारी, नर्सिंग अधिकारी को पीपी किट पहने व उतारने के बारे नहीं पता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** का नागरिक अस्पताल हाल के दिनों में अपनी हालत को बयां कर रहा है। अस्पताल में आपातकालीन कक्ष में छत से पानी टपक रहा है। वहीं अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के लिए झज्जर से पहुंची दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने आपातकालीन कक्ष, प्रसूति विभाग, वार्ड, ऑपरेशन थियेटर में जाकर विभाग में तैनात कर्मचारियों व नर्सिंग अधिकारियों से जरूरी सवाल किए। जिसके के बाद कर्मचारी से लेकर नर्सिंग स्टाफ सवालों के सही से उत्तर तक नहीं दे पाया। प्रसूति विभाग व आपातकालीन कक्ष में तैनात कर्मचारियों मिले सवालों के उत्तर से टीम के सदस्य संतुष्ट नजर आए। विभाग में तैनात नर्सिंग सुमन ने ठीक से सवालों के जवाब दिए। बाकी जगहों पर उन्होंने नर्सिंग अधिकारी व सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग तक करवाने की सलाह अस्पताल प्रबंधन को दी है। इस दौरान डा. गिन्नी लांबा, नवीन दहिया, नर्सिंग अधिकारी सुमन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**कई दिनों से सफाई में लगे थे कर्मचारी, सबसे ज्यादा टीम का सफाई पर रहा ध्यान:** नागरिक अस्पताल में टीम के आने की आहट के साथ ही कई दिनों से सजाने का कार्य जोर-शोर से प्रबंधन की तरफ से किया जा रहा था। आपातकालीन कक्ष में सुबह कर्मचारी हरी, पीली व लाल पट्टी लगाते हुए नजर आए। वहीं सफाई कर्मचारियों ने एक-एक कोने में सफाई की। अस्पताल में पहुंची टीम ने सफाई को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से फर्श पर पोछा लगाने के बारे में जानकारी मांगी। प्रबंधन की तरफ से आधी-अधूरी जानकारी को टीम के सामने कर्मचारी नहीं दे पाया। ।

**फाइव एस व निडल इंजरी में क्या है, नहीं बता पाएं नर्सिंग अधिकारी, रिकार्ड मांगने पर नहीं मिला**-टीम के सदस्य डा. मनोज ने प्रथम तल पर स्थित वार्ड में नर्सिंग अधिकारियों से निडल इंजरी होने पर क्या करना चाहिए का सवाल किया। जिसमें सालों से नौकरी पर तैनात कर्मचारी संतुष्ट जवाब नहीं दे पाएं। उसके बाद अस्पताल में निडल इंजरी की जानकारी मांगी। जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को इंजरी होना बताया गया गया। जोकि आपातकालीन कक्ष में तैनाती के दौरान हुई थी। उसका रिकार्ड अस्पताल प्रबंधन नहीं दिखा पाया। टीम के सदस्य ने रिकार्ड रखने के निर्देश दिए। वहीं जब नर्सिंग अधिकारियों से फाइव एस क्या होता है, उसका सवाल किया तो नर्सिंग स्टाफ एक-दूसरे के मुंह की तरफ ताकने लगा। सही से अधिकारी के सवाल का जवाब नहीं दे पाएं।

*झज्जर से आई टीम ने अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे व उन्हें कैसे और बेहतर बनाया जाए को लेकर निरीक्षण किया गया। दौरे के दौरान टीम ने अलग-अलग जगहों का दौरा किया। जहां-जहां कमी मिली है, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जायेगा। प्रसूति विभाग व आपातकालीन कक्ष सहित ब्लड बैंक में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर संतुष्ट नजर आए। कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए ट्रेनिंग देने के निर्देश मिले है। जल्द ट्रेनिंग दी जायेगी।*

*डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*

# तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, हादसे में युवक की मौत

**दुर्घटना**

▶▶ उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार व लापरवाही देखने को मिली। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो चालक की लापरवाही से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते ऑटो में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पिनाना निवासी जय सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उनके भतीजे राहुल राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में नौकरी करता था। वह बृहस्पतिवार देर शाम अपने भतीजे के साथ राई औद्योगिक क्षेत्र से ऑटो में सवार होकर सोनीपत आ रहा था। चालक ऑटो को लापरवाही व तेज गति से चला रहा था। ऑटो में अन्य सवारी भी बैठी थी। सभी ने चालक को कई बार गति कम रखने को कहा था। उसके बावजूद वह तेज गति से कट मारता हुआ चलता रहा। बहालगढ़ के पास पहुंचने पर चालक ने अचानक कट मारा तो ऑटो पलट गया। हादसे में उनके भतीजे राहुल नीचे दबने के कारण घायल हो गए। हादसे के बाद अन्य सवारी उतरकर चली गई। राहगीरों की मदद से घायल भतीजे को लेकर अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# रौनक पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

**प्रतियोगिता**

**फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 34 टीमों ने हिस्सा लियऔर द्वेष रहित खेल एक महान खिलाड़ी की पहचान है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर में शनिवार को दो दिवसीय फुटबाल और बाक्सिंग प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। बाक्सिंग प्रतियोगिता डीबीएएस फेडरेशन के सहयोग से हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर ओलंपियन धाविका किरण पहल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को खेलों के महत्व और जीवन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालाा। किरण पहल ने कहा खेल की भावना और द्वेष रहित खेल एक महान खिलाड़ी की पहचान है। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 34 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें दूल्हेड़ा, दिल्ली, नरवाना, बुटाना, नरूखेड़ी, राजलुगड़ी, रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर और दीवाना जैसी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। वही बाक्सिंग में 10, 12, 14 और 17 वर्षीय वर्गों के कुल 206 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या रजनी शर्मा ने कहा ओलंपियन किरण पहल का स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है।

## चोरी का सामान खरीदने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपित कृष्ण उर्फ काले वासी देवसर चुंगी भिवानी को गिरफ्तार किया था और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपित ने चोरी का सामान खरीदा था। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से 3 हजार पांच सौ रुपए की नकदी बरामद की है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा पहले पांच आरोपितों मनोज वासी भिवानी, अजय उर्फ खान वासी भिवानी, राकेश वासी भिवानी, अनिल वासी भिवानी और जगमिंदर वासी भिवानी को गिरफ्तार किया था।

# ध्यान, रोज करने से दूर होती हैं बीमारियां: पुलिस अधीक्षक वरूण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने कहा कि आजकल हर किसी की लाइफ में कोई न कोई चिंता और तनाव जरूर है। ये टेंशन हमारे शरीर पर हावी होने लगती है और कई बीमारियों का कारण बन जाती है। लेकिन रोजाना कुछ मिनट ध्यान करने से इसे काफी हद तक कम किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तनाव दूर करने के लिए ध्यान सबसे उत्तम है।अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस कर्मचारियों ने किया ध्यान, ध्यान सिर्फ योग नहीं है, बल्कि जीवन को शांतिपूर्ण, दया भावना के साथ और मानसिक शांति के साथ बिताने की एक कला है। जिसने ये कला सीख ली उसका जीवन बहुत खूबसूरत तरीके से व्यतीत होता है। ध्यान में वैसे तो अलग अलग कई तरह की तकनीकें शामिल हैं, जिसके अलग-अलग फायदे मिलते हैं। लेकिन सामान्य भाषा में ध्यान आपके मन को शांत करता है। भावनात्मक जागरूकता, दया, करुणा, सहानुभूतिपूर्ण आनंद और मानसिक शांति प्रदान करता है। लगातार ध्यान करने से हमारे अंदर विचारों की स्पष्टता आती है, मन में उठ रहा तूफान शांत होता है, दूसरों के प्रति दया और करुणा की भावना बढ़ती है। कई रिसर्च में ये सामने आ चुका है कि रोजाना ध्यान करने से तनाव और टेंशन को कम किया जा सकता है। एक रिसर्च से पता चला है कि केवल 8 सप्ताह तक लगातार ध्यान करने से तनाव को काफी कम किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### अपनी खुशी से दूसरों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही सबसे बड़ी खुशी... संचित इन्सां।



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** धन्य होती है ऐसे शिष्य जो अपने गुरु के वचनों पर चलते हुए चाहे खुशी का समय हो चाहे गम का दूसरों की मदद करना नहीं भूलते। ऐसा साबित करके दिखाया है जिला पानीपत के ब्लॉक कबाड़ी के सेक्टर 13/17 हाउसिंग बोर्ड निवासी संचित ने अपने बेटे अयान के जन्मदिन पर फजूल खर्चा ना करते हुए अपने निवास स्थान पर नामचर्चा कर 8 जरूरतमंद परिवारों को एक एक महीने का राशन देकर बेटे के जन्मदिन की खुशी को साझा किया। संचित इन्सां ने बताया कि अपने बेटे अयान के जन्मदिन पर हर साल संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा के पावन वचनों पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है जब तक शरीर में जान है इसी प्रकार गुरु के वचनों पर चलते हुए मानवता की सेवा करते रहेंगे।उन्होंने कहा कि अपनी खुशी के मौके पर होटलों में जाकर पैसे को बर्बाद न करे बल्कि दूसरों की मदद करके अपने खुशी से दूसरों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही सबसे बड़ी खुशी है

### प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं प्रेरणा संस्था का प्रतिनिधिमंडल कुरुक्षेत्र की उपायुक्त से मिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पांच सितारा वृद्धाश्रम के नाम से विख्यात प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला एवं प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर की नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह से उनके कार्यालय में मिला। इस मौके पर डा. जय भगवान सिंगला एवं संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने पुष्प गुच्छ से उपायुक्त का स्वागत एवं सम्मान किया। इस प्रतिनिधिमंडल में वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग एवं बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल रही। उषा सच्चर, कौशल, ?सीता, बलविंदर कौर व क्षमा मल्होत्रा इत्यादि ने उपायुक्त से मिलकर विचार सांझा किए। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने उपायुक्त को स्वरचित पुस्तक याद सुहानी गांव की जिसे अभी राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान मिला है की एक प्रति भी भेंट की। डा. सिंगला ने उपायुक्त से निवेदन किया कि जब भी उन्हें समय मिले प्रेरणा वृद्धाश्रम में अवश्य आएं और हमारा मार्गदर्शन करें व उत्साहवर्धन करें उपायुक्त ने उनकी प्रार्थना स्वीकार करते हुए कहा कि जब भी समय मिला अवश्य आएंगी।

### करोड़ों के चावलों का गबन करने पर राइस मिल मालिक सहित पांच पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के शहर रतिया में एक राइस मिल द्वारा हैफेड के करोड़ों रुपये के चावलों का गबन करने का मामला सामने आया है। इस मामले में रतिया पुलिस ने हैफेड मैनेजर की शिकायत पर शनिवार को राइस मिल मालिक व उसके गारंटरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में हैफेड फतेहाबाद के मैनेजर ने कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी सीएमआर नीति के अनुसार वर्ष 2023-24 में धान की खरीद की गई थी। धान को कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलों को दिया गया था। उसके बाद मिलरों को कस्ट मिल्ड चावल

# गलत लेन ड्राइविंग करने पर वर्ष 2024 में 13 हजार वाहनों के किए चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2024 के दौरान जिला पुलिस ने हाइवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 13 हजार 218 वाहनों के चालान किए है। पानीपत यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है। इसमें ट्रकों के 4915, कैंटर के 3263, बसों के 381 और 4659 अन्य वाहनों के चालान किए गए हैं।
इसी के साथ 11 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलाए विशेष अभियान



के तहत नेशनल हाईवे पर चेकिंग के दौरान लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करते पाए 40 भारी वाहन चालकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हाईवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत

**सख्ती**

**पानीपत यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है**

लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती हैं। नियमों को न मानने की वजह से हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन निर्धारित की गई है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने वालों के चालन किए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर टोल प्लाजा के नजदीक वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इसके साथ ही वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है।

# अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 20 दिसम्बर 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सूरज निवासी डेहा कालोनी अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 13 नवम्बर 2024 को थाना अम्बाला छावनी शहर में शिकायत दर्ज



करवाई थी कि 13 नवम्बर 2024 उसके घर से किसी अज्ञात आरोपी ने सोना-चाँदी जेवरात, नकदी राशि व दस्तावेज चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# ओमप्रकाश चौटाला बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे: जयहिन्द



**टीम एक्शन इंयिा**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी का शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 साल के थे। शनिवार 21 दिसंबर को उनके पैतृक गांव चौटाला में उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां नवीन जयहिन्द ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयहिन्द ने बताया कि चौटाला साहब बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे। आज के दिन किसी नेता में इतनी हिम्मत नहीं होगी कि 75 साल की उम्र में दस साल की सजा की जेल काटकर ज़िंदा वापिस आ जाएगा। साथ ही जयहिन्द ने कहा लोग चौटाला साहब की पॉलिसी व काम से सहमत ना हो कोई बात नहीं, लेकिन इस बात में कोई आपति नहीं होनी चाहिए कि चौटाला साहब बहुत हिम्मत वाले आदमी थे।

# विद्यार्थियों ने अंतर्विद्यालयी कविता पाठ प्रतियोगिता में परचम लहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वाधान में ध्यान-कक्ष समभाव-समदृष्टि का स्कूल द्वारा आध्यात्मिक गूंज कविता सुमन अंतर्विद्यालयी कविता पाठ प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर गुरुजनों व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जूनियर विंग में ऋषभ कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं सीनियर विंग में चिराग कटारिया ने प्रथम तथा अंशुमन व स्पर्श सैनी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार हेतु चुना गया। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग,




निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्रिंसीपल सूबे प्रताप ने सभी छात्रों को बधाई दी। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता विगत 5 दिसम्बर को ऑनलाइन ली गई थी जिसका रिजल्ट शुक्रवार की रात को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ-साथ गुरुकुल प्रबंधन समिति ने हिन्दी विभागाध्यक्ष कुलदीप मलिक, सहदेव, पवन कुमार व रविन्द्र कुमार को भी विशेष बधाई दी।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** अपराध शाखा-2 की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को अधिक जानकारी देते हुए अपराध शाखा-2 के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि त्रिवेणी चौंक नजदीक डेहा बस्ती रादौर के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की अनाज मंडी में धर्मकाटा के पास एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अजय उर्फ कालू पुत्र वेद प्रकाश निवासी आदर्श नगर गोहाना हाल वधावाराम कॉलोनी के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने



लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक सितम्बर 2023 में मुखिजा कॉलोनी में गली नंबर 6 से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में

**काबू**

**अनाज मंडी में धर्मकाटा के पास एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर घूम रहा**

भूपेंद्र पुत्र सोमनाथ निवासी मुखिजा कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# युवा कांग्रेस ने नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया आरंभ की

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** युवा कांग्रेस ने प्रदेश में ब्लॉक से लेकर प्रदेश तक की कार्यकारिणी को भंग कर चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके चलते अब युवा कांग्रेस का नया ढांचा तैयार होगा। इस बात की जानकारी रोहतक में पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस के रोहतक जोन के प्रभारी रामआश्रय चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के रोहतक जोन के प्रभारी कर दी है और अब नई कार्यकारिणी की चुनावी प्रक्रिया आरंभ कर दी है। ब्लॉक, विधानसभा, जिला और प्रदेश सहित 6 स्तर की कार्यकारिणी का चुनाव करवाया जा रहा है जिसमें अध्यक्ष और महासचिव के लिए यह चुनावी पैट्रन अपनाया जा रहा है। इसके लिए 20 दिसंबर से नोमिनेशन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। जो 5 जनवरी 2025 तक चलेगी और उसके नामांकन की छानबीन कर के 15 जनवरी तक सभी स्तर के उम्मीदवारों की सूची जारी हो जायेगी। इसके बाद सदस्यता व मतदान अभियान शुरू किया जायेगा। इस प्रक्रिया में 18 से 35 वर्ष के युवाओं को सदस्य बनाया जाएगा और ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर की कार्यकारिणी के लिए एक सदस्य सभी 6 स्तरों के लिए मतदान कर सकेगा। ब्लॉक स्तर पर 17, विधानसभा स्तर पर 27, जिला स्तर पर 31 और प्रदेश स्तर पर 61 युवाओं की कमेटी बनेगी।

# जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
सीआईए थ्री पुलिस टीम ने छाजपुर कला गांव में दो सगें भाईयों पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान आदेश पुत्र धीरज पाल व आकाश उर्फ मोंटी पुत्र अशोक निवासी छाजपुर कला के रूप में हुई। 26 सितम्बर को दोनों आरोपियों ने मामले में नामजद अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर लाठी, डंडों व रॉड से जानलेवा हमला किया था। सीआईए थ्री पुलिस की टीम मामले में आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई थी। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया



आरोपियों के कब्जे वारदात में प्रयुक्त एक सरिया बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। वारदात में संलिप्त फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

***यह है मामला***

थाना सनौली में किरणपाल पुत्र श्याम सिंह निवासी छाजपुर कलां ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था की 25 सितम्बर को विधानसभा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर हमारे

**जानलेवा हमला**

**मामले में नामजद अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर लाठी, डंडों व रॉड से जानलेवा हमला किया था**

गांव में वोट मांगने आए थे। उस दिन देर शाम को मेरे भाई नरेन्द्र की गांव निवासी आदेश व अन्य लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसमें धर्म सिंह छौक्कर ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत करवा सुलह करवा दी थी। 26 सितम्बर की सुबह करीब 9:30 बजे वह भाई नरेंद्र के साथ अपने चाचा के घेर पर जा रहे थे। वह दोनों चौपाल के नजदीक चौक के पास पहुंचे तो घात लगाकर बैठे आरोपी अशोक व विनोद पुत्र कटार सिंह, मोंटी पुत्र अशोक, आदेश पुत्र धीरज, सचिन पुत्र सेठपाल, हर्ष पुत्र विनोद, सविता पत्नी धीरज, कौशल पत्नी विनोद, रोहित व मोहित पुत्र जगबीर व इनके अन्य कई साथी आरोपियों ने ललकारा देकर उन दोनों को गली में घसीटकर जान से मारने की नियत से लाठी, डंडों, रॉड व तलवार से हमला कर चोट मारी। आरोपी सचिन ने उसके सिर पर रॉड से वार किया। आरोपी अशोक ने लोहे की रॉड, हर्ष व विनोद ने लाठी से पेट पर वार कर चोट मारी। महिलाओं पेट पर लात मारी।

# केयू जिम्नोजियम हॉल में ध्यान शिविर किया गया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शनिवार को हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में केयू जिम्नेजियम हॉल में ध्यान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि अध्यात्म आत्मा तक पहुँचने का महत्वपूर्ण उपाय है तथा अध्यात्म की एकाग्रता के लिए ध्यान बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों से आह्वान




किया कि वे अपनी परीक्षा या अध्ययन कार्य में सफलता के लिए तथा तनाव महसूस होने पर ध्यान, साधना अवश्य करें। इससे तनाव मुक्ति होने के साथ नव ऊर्जा का संचार होता है। शिविर में केयू खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा ने छात्रों की जीवन में मेडिटेशन की उपयोगिता बताई एवं उपस्थित सभी अतिथियों एवं छात्रों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. निरूपमा भट्टी, चीफ वार्डन पुरुष छात्रावास डॉ. जसबीर ढांडा सहित विभिन्न संकाय शिक्षकों, कोच व छात्रों ने हरियाणा योग आयोग की ओर प्रोटोकॉल के अंतर्गत ध्यान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया।




# परिवर्तन की राह पर बुराड़ी के लोग, कांग्रेस को मिल रहा समर्थनः त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव को लेकर दिल्ली में सभी पार्टियां ऐडी से चोटी तक का जोर लगा रही है। एक तरफ तो केजरीवाल सरकार अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए दम-खम दिखा रही है। तो दूसरी तरफ बीजेपी भी लगभग 25 साल के लंबे अंतराल के बाद पुनः दिल्ली की सत्ता पाने के लिए जान फूंक रही है, तो कांग्रेस भी दस साल से दिल्ली की सत्ता से दूर रहने के बाद दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा सीटें हांसिल करने के लिए दम लगा रही है।

**मंगेश के समर्थन में बुराड़ी की जनताः** इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार मंगेश त्यागी को बुराड़ी के लोगों का भी समर्थन मिलता दिख रहा है। बुराड़ी विधानसभा के केशव नगर में आयोजित जनसंवाद के दौरान सैंकड़ों की तादात में लोगों ने एक स्वर में मंगेश त्यागी के समर्थन में नारे लगाते हुए उन्हें इस बार क्षेत्र से जिताने का भी आश्वासन दिया है।

इस मौके पर मंगेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली की प्रगति तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित ने कभी भी रूकने नहीं दी थी, दिल्ली में जो अभी तक फ्लाई-ओवर, सीवर, पक्की सड़कें, चौबीस घंटे बिजली यह सभी शीला दीक्षित की ही देन है। अगर हम कहें की दिल्ली को राजधानी का सही रूप देने वाली भी वही थी तो यह कहना भी गलत नहीं होगा।







**जनता को विधायक संजीव झा ने दिया धोखाः** जन संवाद के दौरान मंगेश त्यागी ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा के लोग विधायक संजीव झा से तंग आ चुके है और अब उनको दी हुई विधायक की कुर्सी वापिस लेना चाहते है, क्योंकि हमने वोट इसलिए दिया था कि विधायक हमारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनका समाधान करेंगे, लेकिन चुनाव के बाद से ही विधायक संजीव झा क्षेत्र से ही गायब रहे है और अब जब चुनाव वापिस आ गया है तो पुनः अपने कार्यकर्ताओं के साथ फिर से झूठे वादे करने के लिए निकल पड़े है। इस दौरान लोगों ने कहा कि काट की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है, हमने विधायक संजीव झा को दो बार मौका देकर देख लिया, बावजूद इसके विधायक फेल साबित हुए।

# भाजपा ने त्रिदेव कार्यक्रम के तहत त्रिदेवों के घरों पर लगाई मुख्य पट्टिका







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनके मान-सम्मान में चलाए जा रहे त्रिदेव सम्मान समारोह के साथ ही त्रिदेवों के घरों पर मुख्य पट्टिका लगाई गई। नेम प्लेट लगाने का कार्यक्रम चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र कें तीनों मंडलों के बूथों पर चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र संयोजक हरीश असडी द्वारा किया गया। इस दौरान त्रिदेवों जिसमें कि बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए-2 के घर-घर जाकर नेम प्लेट लगाई गई। इसके साथ ही त्रिदेव सम्मान समारोह में शामिल होने का भी न्यौता दिया गया। इस मौके पर हरीश असडी ने कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचारी केजरीवाल एंड पार्टी को सच का आइना दिखाने के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटे हुए है ही इसके साथ दिल्ली की जनता भी केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फैंकने के लिए बस दिल्ली के आगामी चुनाव में अपना मत केजरीवाल के खिलाफ डालने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजे का अगला दिन केजरीवाल सरकार के लिए काला दिवस होगा, क्योंकि उस दिन केजरीवाल व उनके विधायकों का सीट पर रहने का आखरी दिन होगा, उसके बाद केजरीवाल व उसके विधायक घर बैठकर मक्खियां ही मारेंगे, उनको पूछने वाला भी कोई नहीं होगा, क्योंकि केजरीवाल और उसके विधायको ने दिल्ली के गरीब लोगों के मुहं से निवाला छिनने का काम किया है।

# एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवायेः डॉ. पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः युवा समाजसेवी** डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो, संघर्ष करों और संगठित रहो तभी विकास होगा। इस बात को हमें ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना है और लोगों को जागरूक करना है। डॉ. पिव्हाल ने आगे बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए मैं सभी अभिभावको से कहना चाहता हूं कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे पढ़-लिख कर देश और समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने सम्पन्न लोगों से कहा कि सभी सेवा के क्षेत्र में आगे आये और गरीब व निर्धन तबके की मदद करें, जिससे की गरीब व असहायों को भी परेशान न होना पड़े।



# कांग्रेस ने की राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर की निंदा, अमित शाह दें इस्तीफाः गीत सेठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राहुल गांधी पर झूठी प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने हमलावर होते हुए राष्ट्रीय गृहमंत्री अमित शाह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है।

इस मौके पर एआईसीसी के सोशल मीडिया नेशनल कॉर्डिनेटर गीत सेठी ने कहा कि हम केंद्र सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही का विरोध करते हैं। भाजपा राहुल गांधी पर आधारहीन एफआईआर दर्ज करेंगे। क्योंकि देश के सामने भाजपा की सच्चाई आ गई है। भाजपा अड़ानी पर चर्चा नहीं चाहते, अम्बेडकर का अपमान करते है। अब वह देश का ध्यान भटकने के लिए इस प्रकार के कार्य कर रहे है। मोदी सरकार डरती है, इसलिए झूठ का सहारा लेती है, संविधान अम्बेडकर की देन है उनका अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, इसलिए अमित शाह को गृहमंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। कांग्रेस ने कभी भी सत्ता पक्ष के साथ अपमान जनक व्यवहार नहीं किया, लेकिन गुरुवार को सत्ता दल के सांसदों ने विपक्षी सदस्यों के साथ जो किया, वह बेहद ही दुखद था। गुरुवार की घटना पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष को चिट्ठी भेजी। जिसमें उनके साथ हुए व्यवहार का विवरण है लोकसभा अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर जांच की मांग की। मामले में कांग्रेस द्वारा लोकसभा अध्यक्ष को चिट्ठी लिखे जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया। झूठी एफ आई आर से राहुल गांधी और कांग्रेस पीछे हटने वाले नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान से यह साबित हो गया है कि लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा की 400 सीटें आई होती तो अम्बेडकर का संविधान नहीं रहता।



# महेन्द्र नागपाल ने किया मीटिंग का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने वजीरपुर टेम्पो यूनियन टेम्पो स्टैंड पर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने उनकी परेशानियों को समझा। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने बताया कि मैं जहां पर भी बैठक ले रहा हूं, वहां की जनता आम आदमी पार्टी के पक्ष में नहीं है और भाजपा को समर्थन की बात कर रही है।

# कवि व समाजसेवी ओमप्रकाश प्रजापति को मिला विशेष सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/मुंबईः** आकाशवाणी द्वारा आयोजित सर्वभाषा कवि सम्मेलन-2025 में कवि, पत्रकार ओमप्रकाश प्रजापति को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। उन्हें इस कार्यक्रम में सिंधी भाषा के प्रसिद्ध कवि कनयो शेवाणी की गजल को हिंदी में अनुवादित करने के लिए स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री प्रजापति ने इस गजल को हिंदी में अनुवादित करने में अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। जिससे सिंधी साहित्य को हिंदी भाषी समुदाय के बीच पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास हुआ। इस अवसर पर विभिन्न भाषाओं के कवियों ने अपने काव्य पाठ से कार्यक्रम को और भी रोमांचक और समृद्ध किया।



# सचदेवा सहित सभी सांसदों ने व्यापारियों से संकल्प पत्र हेतू लिए सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली भाजपा के संकल्प पत्र निर्माण समिति के संयोजक सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में दिल्ली में 17 प्रमुख मार्किट एवं कार्यालय स्थलों पर व्यापारियों एवं कार्यालयों में काम करने वाले लोगों से संकल्प पत्र 2025 हेतू सुझाव एकत्र किये। इसी श्रृंखला में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कनाट प्लेस के पालिका मार्किट के बाहर एन.डी.टी.ए. के व्यापारियों से सांसद मनोज तिवारी एवं प्रवीन खंडेलवाल, दिल्ली भाजपा वरिष्ठ नेता सरदार अरविंदर सिंह लवली, मीडिया प्रमुख एवं संकल्प पत्र समिति सदस्य प्रवीण शंकर कपूर और मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल की उपस्थिति में संवाद किया। एन.डी.टी.ए. अध्यक्ष अतुल भार्गव ने वीरेन्द्र सचदेवा एवं अन्य नेताओं को नई दिल्ली के व्यापारियों की समस्याओं से जुड़ा सुझाव पत्र सौंपा। केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने वी.थ्री.एस.माल, निर्माण विहार में विधायक ओमप्रकाश शर्मा एवं अभय वर्मा और जिलाध्यक्ष संजय गोयल के साथ संकल्प पत्र 2025 को लेकर जनता एवं व्यापारियों से सुझाव लिए। सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका सेक्टर 11 स्थित मार्किट में नजफगढ़ जिला अध्यक्ष रमेश सौखंदा एवं महामंत्री संदीप सहरावत के साथ स्थानीय दुकानदारों एवं खरीददारों से भाजपा के संकल्प पत्र 2025 को लेकर चर्चा कर सुझाव एकत्र किए। सांसद बाँसुरी स्वराज ने करोलबाग के बीकानेरवाला चौक पर दुकान दुकान जा कर भाजपा संकल्प पत्र हेतू सुझाव लिए।

भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने आई.टी.ओ. पर संकल्प पत्र समिती सदस्य नीतू डबास एवं प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू अवस्थी ने मंडी हाउस पर विभिन्न कार्यालयों के कर्मियों से संकल्प पत्र हेतू सुझाव एकत्र किए।





# 'लहर-2024' आर्ट प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली। दिल्ली सरकार** के डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (पीवीए) के युवा कलाकारों की आर्ट प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए शनिवार को "लहर-2024" आर्ट प्रदर्शनी का शानदार आगाज हुआ। चाणक्यपुरी स्थित शंकर चिल्ड्रन ट्रस्ट सेंटर में आयोजित प्रदर्शनी में सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा बनाई गई आर्ट को देखकर लोग उनके मुरीद हो गए।

# आप प्रत्याशी नवीन चौधरी के सम्मेलन में जुटे हजारों लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः जिले के** गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नवीन चौधरी उर्फ दीपू ने आज राजगढ़ कॉलोनी स्थित ऑफिस में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में पार्टी के सांसद संजय सिंह कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी की नीतियों और दिल्ली में किए गए कार्यों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। सांसद ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यों से ही दिल्ली के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं और हम इसे आगे भी जारी रखेंगे। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी नवीन चौधरी ने कहा कि 2020 के त्रिकोणीय मुकाबले में भले ही भाजपा आगे निकल गई थी, लेकिन इस बार यह संभव नहीं है, क्योंकि समीकरण पूरी तरह आम आदमी पार्टी के पक्ष में हैं। इस बार गांधीनगर में आम आदमी पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में है, इसलिए झाड़ू के मुकाबले कमल खिलना मुश्किल है।

चौधरी ने कहा कि गांधीगनर की जनता उनके साथ है, क्योंकि वे हर समय और जरूरत पर गांधीनगर की जनता के साथ खड़े रहे हैं।



# केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को एलजी की मंजूरी आप के झूठ की पोल खोलती हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि सर्वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत किसी भी आरोप में दोषी व्यक्ति पर मुकदमा चलाने और उसका पुनः आदेश देने संवैधानिक पदासीन उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक मयार्दाओं के तहत शराब घोटाले में मुख्य आरोपी होने पर अरविन्द केजरीवाल पर मुकद्मा चलाने का उपराज्यपाल के वैधानिक आदेश का स्वागत करते है, कानून को अपना काम करना है और इसमें किसी भी तरह रुकावट करना और कानून को न माना भी अपराध है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि बेल पर जेल से बाहर अरविन्द केजरीवाल को यह समझना चाहिए कि उन पर शराब घोटाला के अपराध के आरोप अभी हटा नही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जो स्वयं भी जेल से बेल पर बाहर आए है, उनका अपनी विधानसभा में वजूद खत्म हो चुका है और जंगपुरा से चुनाव लड़ रहे है।



# आस्था और आधुनिकता का अनोखा संगम

## अरैल में 51 करोड़ की लागत से 3 हेक्टेयर में तैयार हो रही है अद्भुत डोम सिटी




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः त्रिवेणी** के तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप प्रदान करने का योगी सरकार का संकल्प है। इसे मूर्त रूप देने के लिए पर्यटन विभाग भी निजी संस्थाओं के साथ मिलकर नए प्रतिमान बना रहा है। महाकुम्भ नगर के अरैल क्षेत्र में तैयार हो रही डोम सिटी इसी की एक झलक देता है। -आस्था और आधुनिकता का अद्भुत मेलसंगम की रेती पर महाकुम्भ की शुरूआत के पूर्व ही आस्था और अध्यात्म की दुनिया आकार लेने लगी है। इस आयोजन के साक्षी बनने जा रहे करोड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ क्षेत्र में आधुनिकता का एक ऐसा भव्य शहर तैयार हो रहा है जिसे देखकर हर किसी की आँखें चौंधिया जाए। आधुनिकता, भव्यता और अध्यात्म का यह अद्भुत मेल है डोम सिटी जिसे पर्यटन विभाग के सहयोग से एक निजी कम्पनी ईवो लाइफ स्पेस प्रा.लि तैयार कर रही है। कम्पनी के निदेशक अमित जौहरी का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पर्यटन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी श्रृंखला में उनकी यह कल्पना त्रिवेणी की रेत पर साकार हो रही है जिसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से सवा तीन हेक्टेयर जमीन उन्हें मिली है जिसमें देश की पहली डोम सिटी तैयार हो रही है।

-महाकुम्भ में हिल स्टेशन का फील कराएगी डोम सिटीयह पहला मौका होगा जब महाकुम्भ में किसी स्थान पर स्टे करने के समय पर्यटक या श्रद्धालु किसी हिल स्टेशन की अनुभूति का अहसास कर सकेंगे। इस अनुभव का साक्षी बनने के लिए 51 करोड़ की लागत से तैयार हो रही है डोम सिटी। डोम सिटी बना रही ईवो लाइफ के डायरेक्टर अमित जौहरी के मुताबिक 15 से 18 फीट की ऊंचाई पर डोम सिटी बनाई जा रही है, जिसमें 32 गुणे 32 के कुल 44 डोम बन रहे हैं। इसमें 360 डिग्री पोली कार्बन शीट के डोम हैं। ये पूरी तरह बुलेट प्रूफ और फायर प्रूफ हैं। पर्यटक इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 24 घंटे रहकर कुम्भ का नजारा देख सकते हैं। इसका अनुभव किसी हिल स्टेशन से महाकुम्भ का अवलोकन करने जैसा है। डोम के साथ लग्जरी कॉटेज का भी मिलेगा लुत्फइस पूरी डोम सिटी में 176 कॉटेज भी बनाए जा रहे हैं जहां ठहरने की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। 16 गुणे 16 की हर एक कॉटेज में एसी, गीजर और सात्विक आहार की व्यवस्था होगी। कॉटेज का किराया स्नान पर्व के दिन 81 हजार और सामान्य दिनों में 41 हजार होगा। इसी तरह डोम का किराया स्नान पर्व के दिन 1 लाख 10 हजार और सामान्य दिनों के लिए 81 हजार रखा गया है।

डोम की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। कॉटेज के वातावरण को आध्यात्मिक बनाने के लिए यहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुतियों की भी व्यवस्था होगी। नव्यता का यह प्रयास महाकुम्भ में भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन की सुविधाओं का एक कीर्तिमान बनाने की तरफ ले जाएगी। कंपनी के निदेशक अमित जौहरी का कहना कि 23 दिसम्बर को महाकुम्भ की तैयारियों का निरीक्षण करने आ रहे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ टेंट सिटी के निरीक्षण के समय डोम सिटी का भी निरीक्षण कर सकते हैं।

# खनन कार्य में लगे श्रमिक की पत्थर गिरने से दर्दनाक मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**महोबाः खनन कार्य** में लगे मजदूर की शनिवार को खनन कार्य के दौरान पत्थर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। जनपद के कबरई कस्बा के गांधीनगर मुहाल निवासी रत्ना कुशवाहा का बेटा गया प्रसाद उर्फ वीरपाल (25) मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रोज की भांति शनिवार को गया प्रसाद डहर्रा स्थित पहाड़ नम्बर एक पर खनन कार्य कर रहा था। जहां अचानक पत्थर गिरने से श्रमिक उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । आनन फानन में घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक की माँ मोहिनी का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है । तो वहीं मृतक की दो संतान बताई आ रही है जिसमें एक बेटा और एक मासूम बेटी है। मृतक के पिता रत्ना कुशवाहा ने बताया कि खनन कार्य में बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से काम कराया जा रहा है जो कि आए दिन हादसों का कारण बनते हैं। बेटे ने एक सप्ताह पूर्व ही काम शुरू किया था। जनपद के कबरई स्थित पत्थर मंडी को देश की सबसे बड़ी पत्थर मंडी कहा जाता है। जहां अभी तक सैकड़ों की संख्या में श्रमिक अपनी जान गवां चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उप्र के संभल में दूसरे दिन भी एएसआई का सर्वे जारी, कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची टीम

**मुरादाबादः उत्तर प्रदेश** के संभल में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम का सर्वे जारी रहा। एएसआई टीम आज सुबह सबसे पहले कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची। इसके बाद टीम ने मंदिर के पास स्थित कृष्ण कूप का निरीक्षण किया। ऊंची-ऊंची दीवारों से घिरा हुआ कृष्ण कूप विवादित जामा मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित है। कूप के अंदर झाड़ियां और गंदगी फैली होने के कारण नगर पालिका की टीम के द्वारा साफ-सफाई की जा रही है। संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने एएसआई को पत्र लिखकर जिले में स्थित प्राचीन तीर्थ स्थलों और कूपों का निरीक्षण करने की मांग की थी। इसके बाद शुक्रवार को पहले दिन एएसआई टीम ने संभल में 19 कूप और 5 तीर्थ स्थलों का सर्वे किया था। यह सर्वे कार्य सुबह 06 से शाम 4 बजे तक चला था। इस दौरान टीम ने खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और वहां परिसर में बने कुंए की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने भी लिए थे। एएसआई टीम ने शुक्रवार को संभल में ग्राम आलम सराय स्थित चतुर्मुख ब्रह्म कूप, दुर्गा कॉलोनी में अमृत कूप मंदिर, मोहल्ला हल्लू सराय स्थित अशोक कूप, मोहल्ला कोट पूर्वी में सर्थलेश्वर मंदिर स्थित सप्तसागर कूप, हयातनगर में बलि कूप कूचे वाली गली स्थित धर्म कूप, मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित शिव मंदिर का ऋषिकेश कूप, मोहल्ला कोट पूर्वी में कल्कि मंदिर के पास स्थित परासर कूप, संभल कोतवाली के सामने मोहल्ला ठेर स्थित अकर्ममोचन कूप, मोहल्ला कोट गर्वी जामा मस्जिद चौकी के पास स्थित धरणि बाराह कूप, होज भदेसरा स्थित भद्रका आश्रम तीर्थ, जलालपुर मोहम्मदाबाद गांव स्थित स्वर्गदीप तीर्थ सती मठ, ग्राम जलालपुर मोहम्मदाबाद स्थित चक्रपाणि तीर्थ, मोहल्ला कोट गर्वी में एक रात वाली मस्जिद स्थित प्राचीन कूप, मोहल्ला कोट गर्वी में जामा मस्जिद परिसर स्थित प्राचीन कूप, मोहल्ला चमन सराय स्थित बाल विद्या मंदिर के सामने प्राचीन कूप, मोहल्ला खग्गू सराय न्यारियों वाली मस्जिद स्थित प्राचीन कूप, मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित गद्दियों वाला प्राचीन कूप, मोहल्ला कोट पूर्वी में सेठों वाली गली में स्थित प्राचीन कूप, मोहल्ला डूंगर सराय स्थित एजेंटी चौराहे के पास प्राचीन मंदिर एवं मोहल्ला खग्गू सराय स्थित कूप के अलावा प्राचीन तीर्थ, शमशान, मंदिर का एएसआई टीम द्वारा सर्वे किया गया था।

### 100वें तानसेन संगीत समारोह के साथ रचा गया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**ग्वालियरः हिंदुस्तानी** शास्त्रीय संगीत के महान उत्सव कहे जाने वाले तानसेन संगीत समारोह की 100वी कड़ी में आज 546 संगीतकारों के साथ सबसे बड़े हिंदुस्तानी शास्त्रीय बैंड का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। ग्वालियर के भव्य किले में आयोजित इस कार्यक्रम में संगीतकारों ने तानसेन के तीन प्रतिष्ठित रागोंः राग मल्हार, राग मिया की तोड़ी और राग दरबारी को सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्थ कर दिया। मध्य प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण समारोह को आयोजित किया जाता है। ग्वालियर को हाल ही में यूनेस्को द्वारा सिटी ऑफ म्यूजिक के रूप में मान्यता मिली। इस अवसर पर, मान्यता मिलने की सफलता का जश्न भी मनाया गया, जिसमें शास्त्रीय संगीत की दुनिया में इसके वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला गया। रिकॉर्ड स्थापित करने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की और इसमें कई गणमान्य व्यक्ति, संगीत प्रेमी और अंतरराष्ट्रीय अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के सलाहकार निश्चल बारोट ने इसे बहुत ही मेहनत से अंजाम दिया, जो उनका 53वां सफल गिनीज रिकॉर्ड है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए निश्चल बरोट ने कहा, "यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भारतीय शास्त्रीय संगीत की निरंतरता तथा अनोखे सामूहिक प्रयास को दशार्ता है। संगीतकारों की अतुल्य प्रतिभा और मध्य प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता ने ग्वालियर को सांस्कृति और संगीत की उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विश्व मानचित्र पर स्थापित किया है। मुझे इस तरह के ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने पर गर्व है।" तानसेन समारोह पिछले 99 वर्षों से मनाया जा रहा था। यह हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में अद्वितीय योगदान देने वाले महान संगीतकार तानसेन को श्रद्धांजलि है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की उपलब्धि ने न केवल उनकी विरासत को सम्मानित किया बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुंदरता और गहराई पर दुनिया का ध्यान गया है।

## बंद मंदिरों की तलाश करेगी सनातन संस्कृति रक्षा समितिः धीरशांत

**मुरादाबादः सनातन** संस्कृति रक्षा समिति लंबे समय से बंद पड़े मंदिरों को तलाश करेगी। प्राचीनकाल से मठ–मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण किया गया और विध्वंस किया गया है। यह बातें सनातन संस्कृति रक्षा समिति के अध्यक्ष धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता करते हुए बताई। धीरशांत दास ने आगे कहा कि इतिहास ग्वाह है कि सनातन धर्म के धर्मस्थलों को दूसरे धर्मों के लोगों के द्वारा चोट पहुंचाई गई है। उन्होंने आगे कहा कि बीते सप्ताह जनपद संभल में 46 वर्ष पुराना मंदिर मिला तो मुरादाबाद के धर्मचिंतकों को आभास हुआ कि मुरादाबाद में डेमोग्राफी बदलने, कब्जा करने, अतिक्रमण व षडयंत्र करने के कारण मंदिरों और धार्मिक स्थलों को कब्जाया गया है।

# काशी सांसद रोजगार मेला में युवाओं को नौकरी पाने का बड़ा अवसर



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः काशी** सांसद रोजगार मेले में युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए बड़ा अवसर मिलेगा। मेले में जानी मानी कंपनियां युवाओं को 1 लाख 80 हजार से 06 लाख रुपए तक वार्षिक पैकेज पर चयनीत करेंगी। काशी सांसद रोजगार मेला आगामी चार एवं पांच जनवरी को राजकीय आई0टी0आई0, करौंदी में लगेगा। शनिवार को यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से जनपद वाराणसी के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी की है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने आदि की कार्यवाही पूरी तरह निःशुल्क है। पिछले वर्ष काशी सांसद रोजगार मेला में 11200 बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया गया था। इस बार रोजगार मेला में 14 से 15 हजार बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेला में 300 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष जिन लोगों को सेवायोजित किया गया था, उन सेवायोजित बच्चों से भी सम्पर्क कर यह सुनिश्चित कराया जा रहा है कि वह लोग अभी भी सेवायोजित हैं की नही। कभी-कभी देखने और सुनने को मिलता हैं कि कंपनियां 3-4 महीने बाद नौकरी से युवाओं को निकाल देती है। यदि ऐसी जानकारी मिलती है, तो ऐसी कंपनियों को मेला में आने से रोका भी जायेगा। उन्होंने बताया कि अब तक 9 हजार से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि आईटीआई, करौंदी में 25 दिसम्बर से सीवी बनवाने व फार्म भरने आदि की भी व्यवस्था होगी। काशी सांसद रोजगार मेला-2025 में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक बहुप्रतिष्ठित कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेला में प्रमुख रूप से मारूति सुजुकी, नेटेप्स, जोमेटो, साइन्सों आई0टी0 सल्यूशन प्रा0लि0, फ्लिपकार्ट, एमजॉन, क्वीसकार्प, एस0आई0एस0 सिक्योरिटी, होटल ताज ग्रुप, दी किंग रेस्टोरेंट, स्किल इण्डिया इन्टरनेशनल, जे0एच0वी0 कंस्ट्रक्शन, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लावा, बजाज मोटर्स, डिक्सन मोबाइल, हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, जी4एस सिक्योरिटी, एल एण्ड टी, टाटा मोटर्स, वालकरू इण्टरनेशनल, जे0के सीमेन्ट, एम आर एफ टायर, हैप्पी लाईफ इत्यादि कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी।

# प्रतापगढ़ में तीन मासूम बच्चों संग महिला ने लगाई फांसी, चारों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रतापगढ़ः कोतवाली** देहात क्षेत्र के भदोही गांव में तीन मासूम बच्चों के साथ महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद महिला का पति फरार है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के भदोही गांव का रहने वाला संदीप उर्फ राजतेजा मजदूरी करके पत्नी दुर्गेश्वरी (30) बेटियां लक्ष्मी, उजाला और बेटे रौनक का भरण पोषण करता है। शनिवार की सुबह संदीप की मां की नींद खुली तो वह बहू को जगाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया। कई बार आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भीतर से कोई प्रतिक्रिया न आने पर धक्का देकर दरवाजा खोला तो खुला गया। कमरे के अंदर तीनों बच्चों और बहू की लाश फांसी के फंदे से लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। वहीं घटना को देखकर महिला का पति फरार हो गया है। सास की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच पड़ताल की। शवों को फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया गया। पुलिस की पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ दूसरी जगह किराये के मकान में रहती है। उसका बेटा संदीप शराब पीकर अक्सर घरवालों से लड़ता था। पत्नी और बच्चों को भी मारता-पीटता था। शुक्रवार की रात को भी उसने मारपीट की थी। आशंका है कि नशेड़ी पति से तंग आकर बच्चों संग महिला ने कमरे में फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी मायके पक्ष के लोगों को दे दी है।

## आत्महत्या मामले में महिला समेत दो को हुई छह वर्ष की सजा

**प्रयागराजः उप्र पुलिस** के अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे आपरेशन कनविक्शन के तहत मेजा पुलिस की प्रभावी पैरवी की वजह से आत्महत्या मामले के आरोपित महिला और युवक को 5 वर्ष बाद न्यायालय ने 6-6 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। यह जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के कटौती नन्दा का पूरा गांव निवासी अजय कुमार पुत्र संतलाल और पड़ोस में रहने वाली महिला अंजना पत्नी लल्लू के खिलाफ मृतिका के पिता की तहरीर पर 17 मार्च 2018 में धारा 354 घर/34 भारतीय दण्ड विधान और 306/34,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बस स्टैंड के संचालन की मांग को लेकर चेयरमैन ने परिवहन मंत्री से की भेंट

### बस स्टैंड के संचालन की मांग को लेकर चेयरमैन ने परिवहन मंत्री से की भेंट, लखनऊ ,प्रयागराज, झांसी के साथ दिल्ली, चित्रकूट व मथुरा के लिए सीधी बस सेवा की मांग ।



**टीम एक्शन इंडिया**

**औरैयाः जिले में** दिबियापुर नगर में अर्से से बनकर तैयार अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टैंड के विधिवत संचालन की मांग एक बार फिर नगर पंचायत अध्यक्ष ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर की है। दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी सहित चित्रकूट व मथुरा गोवर्धन के लिए सीधी एसी व नॉन एसी बसों का संचालन शुरू करने की भी डिमांड की गई है। मंत्री ने जल्द बस स्टैंड के विधिवत संचालन का भरोसा दिया है। दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने विधानसभा सत्र के दौरान लखनऊ में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से भेंट कर उन्हें इस संबंध में प्रतिवेदन दिया। परिवहन मंत्री को बताया गया कि दिबियापुर में 6 करोड़ से अधिक की लागत से बने अत्यधिक रोडवेज बस स्टैंड का लोकार्पण पिछले साल 28 अक्टूबर को जिले के दौरे पर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। स्टाफ की नियुक्ति न होने से अब तक बस स्टैंड विधिवत संचालित नहीं हो सका है,सिर्फ यहां सुबह आगरा जाने वाली दो बसों का ठहराव ही रात्रि में होता है,

अन्य रूट पर जाने वाली बसें बस स्टैंड पर आए बगैर ही नगर से गुजर जाती हैं। लोकार्पण के समय रोडवेज द्वारा घोषित नई बसों का संचालन भी अब तक शुरू नहीं हो सका है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मंत्री को दिए प्रतिवेदन में दिबियापुर से दिल्ली, तथा लखनऊ के लिए एक्सप्रेस वे होकर,

चित्रकूट के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे होकर तथा झांसी व प्रयागराज, हरदोई, फरूर्खाबाद एवं इटावा होते हुए मैनपुरी के लिए बसें संचालित किए जाने की मांग की है।

# लड़कियों और महिलाओं को बांटी गई सिलाई मशीनें




**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः इंडियन सिंथेटिक** रबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत बालजाटान और खोरा खेड़ी गांव में महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता पर कार्य किए जा रहे हैं। बालजाटान और खोरा खेड़ी गांव में 45 दिनों का प्रशिक्षण लेने वाली 30-30 महिलाओं एवं लड़कियों को पानीपत रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एम.एल. डहरिया और मुख्य महाप्रबंधक आइएसआरपीएल मुकेश शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र और सिलाई मशीनें वितरित की गई। इसके साथ ही खोरा खेड़ी गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए ट्रैक्टर ट्राली भी दी गई। डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ी लिखी लड़कियां एक नहीं दो परिवारों की अच्छे से देखभाल करती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आइएसआरपीएल द्वारा सिलाई मशीनें वितरित करना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक अच्छी पहल है। इससे पहले भी आइएसआरपीएल द्वारा बोहली गांव में सिलाई मशीनें वितरित की गई थी। इसके साथ ही आइएसआरपीएल द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत खोरा खेड़ी गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली देना सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने की दिशा में एक अच्छी पहल है। ट्रैक्टर ट्रॉली गांव में घर-घर जाकर कचरे का संग्रह कर उचित स्थान पर निस्तारण करेगी। जिससे गांव साफ सुथरा रहेगा।

आइएसआरपीएल के मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने लड़कियों एवं महिलाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हमारे प्लांट द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, और आगे भविष्य में भी किया जाएगा।

# नमो भारत यात्रियों के लिए किराए पर मिलेगी 10 प्रतिशत छूट




**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः नमो भारत** ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोगाम लॉन्च कर दिया है। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। इसके अलावा यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण किया गया। नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10प्रतिशत की छूट के लिए, एनसीआरटीसी ने ह्यआरआरटीएस कनेक्टह्ल मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य ?0.10 (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के ह्यआरआरटीएस कनेक्टह्ल खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा। इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पेपरलेस टिकटिंग के माध्यम से यह यात्रा को भी सरल बनाएगा। यह पर्यावरण अनुकूल उपाय एनसीआरटीसी के तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और सतत गतिशीलता समाधान प्रदान करके लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। ह्यआरआरटीएस कनेक्टह्ल ऐप डाउनलोड करने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्रदान किए जा रहे हैं

50 रुपये के बराबर हैं। यात्री आरआरटीएस कनेक्ट ऐप को अन्य उपयोगकताओं को रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं। रेफर करने वाले और जिसे रेफर किया गया है, दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्राप्त होंगे जो 50 रुपये के बराबर हैं, जिन्हें उनके संबंधित खातों में जमा किया जाएगा।

सभी अर्जित लॉयल्टी पॉइंट क्रेडिट होने की तारीख से एक वर्ष तक वैध रहेंगे, जो निरंतर और सतत यात्रा और निरंतर ऐप के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे। आरआरटीएस कनेक्ट ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक गौतस्कर घायल, एक फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः मछलीशहर** और सुजानगंज की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप शुक्रवार रात हुई मुठभेड़ में पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पशु तस्कर के पैर में गोली लगी । इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से देशी तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की गई । उसका दूसरा साथी फरार है। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर विवेक सिंह ने बताया थाना मछलीशहर व थाना सुजानगंज की संयुक्त टीम ने सर्किल क्षेत्र में घटित गो तस्करी के अपराध की रोकथाम के लिए चेकिंग की जा रही थी कि सुजानगंज रोड पर पराहित गेट के पास चेकिंग के दौरान दो बादमाश सुजानगंज की तरफ से आते हुए दिखायी दिये। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो सवार चालक मोटर साइकिल मोड़कर पुनः सुजानगंज की तरफ भागने लगे थानाध्यक्ष मछलीशहर व टीम ने बदमाश का पीछा करते हुए मुस्तफाबाद पहुंचे थे, तभी कन्ट्रोल रुम की सूचना पर थानाध्यक्ष सुजानगंज भी आ गए। बाइक सवार बदमाश पुलिस वालों से घिरता हुआ देखकर मोटर साइकिल सवार मोड़कर भागने लगे। इस दौरान बदमाशो ने पुलिस कर्मियों पर फायर किया। एक गोली थानाध्?क्ष मछलीशहर के बुलेट प्रूफ जैकेट के सीने की बायी तरफ लगी। पुलिस टीम ने भी फायर किया गया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरा बदमाश मौके से भाग गया। घायल बदमाश की पहचान आरिफ के रूप में हुई। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिले जनप्रतिनिधि

### मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के लिए जनता की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सभी जन समस्याओं पर गहरी निगाह रखें



और उनका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर जिले में नियमित रूप से जन सुनवाई की प्रक्रिया को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से जन समस्याओं की सुनवाई करें और नागरिकों को तत्काल राहत प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री ने दिल्ली मार्ग पर बसों की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ग्रैप-4 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) पॉलिसी लागू होने के कारण, दिल्ली में वाहनों के प्रवेश में आ रही दिक्कतों को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम को इस रूट पर सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद परिवहन निगम, बसों का फेरा बढ़ाने के साथ ही नई खरीदी गई बसों का संचालन करते हुए यात्रियों को हर तरह की सेवाएं देने का प्रयास कर रहा है। अपर सचिव परिवहन, नरेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बीएस-3 एवं बीएस-4 बसों के नई दिल्ली में प्रवेश के रोक के दृष्टिगत उत्तराखंड परिवहन निगम ने मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में कई कदम उठाए हैं।

## सनातन वैदिक राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ पूर्ण हुआ विश्व धर्म संसद

**संकल्प**

▸▸ दोनों देशों में हिन्दुओं के लिए अलग देश बनवाने के लिए भारत के नेताओं पर दवाब बनाने का भी संकल्प लिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार। पुलिस** व प्रशासन द्वारा बाधित विश्व धर्म संसद व दस दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ के अंतिम दिन सभी उपस्थित सन्तों और भक्तों ने सनातन वैदिक राष्ट्र के निर्माण और इस्लामिक जिहाद के समूल विनाश का संकल्प लिया। विश्व धर्म संसद में बांग्लादेश व पाकिस्तान के हिन्दुओं की रक्षा के लिए दोनों देशों में हिन्दुओं के लिए अलग देश बनवाने के लिए भारत के नेताओं पर दवाब बनाने का भी संकल्प लिया। सारी कार्यकारिणी को महाकुम्भ में मुस्लिम प्रवेश वर्जित करने के लिए साधुवाद और धन्यवाद दिया।



केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। सीएम ने 67 मेधावी छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर किया सम्मानित।

## चुनावी उलटफेर! नैनीताल में बढ़ते प्रत्याशी, घटते मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** नैनीताल नगर पालिका परिषद के आगामी निकाय चुनाव की तैयारियां तेजी पकड़ने लगी हैं। जहां प्रशासन इन चुनावों के सफल आयोजन के लिए पूरी तैयारी में जुटा हुआ है। वहीं नित नये प्रत्याशी भी सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार वार्ड स्तर पर सभासद के पदों के लिए आरक्षण में आम तौर पर कोई बदलाव नहीं होने से अधिकांश निवर्तमान सभासद भी चुनाव लड़ने की सोच रहे हैं और उनके विरुद्ध एंटी इंकमबेंसी का दावा करते हुए अन्य प्रत्याशियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

**घटते मतदाताओं की संख्या चिंता का विषय, पांच वर्षों में तीन हजार मतदाता घटे**

नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार 2018 के निकाय चुनाव में 8,784 महिलाएं और 9,187 पुरुष यानी कुल 28,165 मतदाता पंजीकृत थे। तब नवंबर माह में चुनाव हुए थे। फिर भी इनमें से 8784 महिलाओं एवं 9187 पुरुषों सहित 17,971 यानी 64 फीसद से कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।




## एफडीआर तकनीक से बनाई जाएंगी सभी सड़कें

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के ग्रामीण और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बेहतर गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। सरकार का मानना है कि अच्छी कनेक्टिविटी से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता में सुधार होगा, बल्कि इन क्षेत्रों का आर्थिक और सामाजिक विकास भी संभव हो सकेगा।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भूस्खलन, राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, राहत कार्य जारी

**अवरुद्ध**

▸▸ विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि भूस्खलन के कारण तवाघाट-धारचूला मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। नेपाल और चीन सीमा से सटे उत्तराखंड के** पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला-तवाघाट इलाके में चीन बॉर्डर के पास एक भीषण भूस्खलन हुआ, जिसका खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक बड़ा पहाड़ी हिस्सा तेजी से दरककर पूरी सड़क को जाम कर देता है और चारों ओर धूल का गुबार फैल जाता है। यह भूस्खलन उस समय हुआ जब तवाघाट इलाके में राष्ट्रीय हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। अचानक पहाड़ी का एक हिस्सा गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी प्रकार के जनहानि का कोई समाचार नहीं मिला है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की पुष्टि की है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि भूस्खलन के कारण तवाघाट-धारचूला मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है।

### अटास वर्ल्ड के अध्यक्ष साइमन हैंग बॉक री, दक्षिण कोरिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे

## एशोसिएशन ऑफ टॉप अचिवर्स स्काउट के वैश्विक त्रैवार्षिक सामान्य सभा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** रायपुर छत्तीसगढ़ में अटास इण्डिया के नेशनल कन्वीनर एमएके मिकी के मार्गदर्शन में रायपुर में किया गया। अटास अपने अपने देश में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाले स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर्स की वैश्विक संस्था है, जिसकी की स्थापना वर्ष 2004 में की गई है, जिसमें 54 देशों से लगभग 20000 सदस्य जुड़े हुए हैं। भारत में अटास सदस्यों की संख्या



लगभग 2200 है। अटास वर्ल्ड के अध्यक्ष साइमन हैंग बॉक री, दक्षिण कोरिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एवं आयोजन की अध्यक्षता अटास इण्डिया के अध्यक्ष जस्टिस कल्पेश एस. झवेरी, सेवा निवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति उड़ीसा उच्च न्यायालय के द्वारा की गई। अटास वर्ल्ड की त्रैवार्षिक सामान्य सभा दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित अटास विश्व की त्रैवार्षिक बैठक में भौतिक रूप से दक्षिण कोरिया से विशेष रूप से आए अटास वर्ल्ड के अध्यक्ष साइमन हैंग बॉक री, सोनी किम अध्यक्ष कोरिया टाईगर स्काउट एशोसिएशन, प्रेसिडेंट स्काउट गिल्ड तथा श्रीलंका क्वीन्स एवं प्रेसिडेंट स्काउट गिल्ड सदस्य नजथ नबरीस के साथ अटास इण्डिया के अलग राज्यों से छत्तीसगढ़ सहित आए हुए लगभग 70 राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड, रोवर रेंजर्स ने सहभागिता की।

